atulyabhaskar9@gmail.com

प्रसार क्षेत्र - सागर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रैन, नरसिंहपुर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना

आलसी मनुष्य का वर्तमान और भविष्य नहीं होता... -चाणक्य

दैनिक

# अतुल्य भास्कर



पेज 2 पर

वर्ष - 4 | अंक - 311

सागर, 5 जुलाई 2021, सोमवार

पृष्ठ - 8 | मूल्य - 2.00 ₹

## इंडियन टूरिज्म डेवलपमेंट के अफसरों के साथ मुख्यमंत्री की बैठक

# सलकनपुर मंदिर परिसर का होगा चहुँमुखी विकास : मुख्यमंत्री शिवराज

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के सलकनपुर मंदिर में सपरिवार माता बीजासन देवी की पूजा-अर्चना की और प्रदेश को कोरोना महामारी से मुक्ति दिलाने, प्रदेशवासियों की खुशहाली तथा प्रदेश के विकास के लिये प्रार्थना की। मुख्यमंत्री चौहान ने सलकनपुर मंदिर ट्रस्ट कार्यालय में बैठक लेकर मंदिर में विकास कार्यों के लिये कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री चौहान ने मंदिर परिसर के विकास, श्रद्धालुओं के लिये बेहतर सुविधाओं का विस्तार और मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की कार्य-योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना बनाएँ, जिससे मंदिर को भव्य स्वरूप मिले और मंदिर की एक अलग पहचान बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार से संबंधित कार्यों को कार्य-योजना में शामिल किया जाए। बैठक में लोक निर्माण, वन विभाग और मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के उच्च अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पत्नी साधना सिंह, दोनों बेटों कार्तिकेय और कुणाल के साथ रविवार शाम सलकनपुर पहुंचे थे।

### 52वां शक्तिपीठ

सलकनपुर मंदिर आस्था और श्रद्धा का 52वां शक्ति पीठ माना जाता है। मंदिर पहुंचने के लिए भक्तों को पत्थर से बनी 1 हजार 451 सीढ़ियां चढ़ना होती हैं. हालांकि अब सलकनपुर देवी मंदिर ट्रस्ट ने यहां सड़क भी बनवा दी है। सालभर भक्त भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद, पिपरिया, सोहागपुर, बैतूल सहित दूर दूर से टोलियां बनाकर गाते-बजाते पैदल ही यहां आते हैं।



### यह है मास्टर प्लान

सलकनपुर ऐसा धार्मिक स्थल होगा, जहां धर्म और अध्यात्म के साथ पर्यटन का भी आनंद लिया जा सकेगा। यहां ऊंचे पहाड़ पर साइकिल ट्रैक और कैंपिंग ग्राउंड जैसी पर्यटन गतिविधियां शुरू करने की योजना है। मंदिर के सामने जाम से निपटने के लिए इटारसी से मकोड़िया, गुराड़खेड़ा होकर रेहटी बस स्टैंड तक चार किमी लंबा बायपास प्रस्तावित है। इसके लिए कुल 1.86 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

### चित्रकूट और अमरकंटक दोनों ओर से बनेगा रामवन गमन पथ

मध्यप्रदेश के हिस्से में शामिल रामपथ वन गमन मार्ग के विकास की शुरुआत एक साथ चित्रकूट और अमरकंटक दोनों ओर से होगी। आध्यात्म, पर्यटन और संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर ने बताया कि रामपथ वन गमन मार्ग चित्रकूट से शुरू होकर सतना, पन्ना, अमानगंज, कटनी, जबलपुर, मण्डला, डिंडोरी, शहडोल होते हुए अमरकंटक पर पूरा होगा। अध्यात्म विभाग के मार्ग दर्शन मे मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को रामपथ वन गमन विकास कार्यों की एजेंसी बनाया गया है। योजना के प्रथम चरण में रामपथ गमन मार्ग के निर्माण की डीपीआर बनाने के लिए अध्यात्म विभाग ने एक करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। साथ ही पहली किश्त के रूप मे 50 लाख रुपये आवंटित भी कर दिए गये हैं।



जिसके लिए टेंडर बुलाए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर ने निर्देश दिए कि रामपथ गमन मार्ग प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार करते समय स्थानीय मानस मर्मज्ञ, साधु-संतों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों से राय लेकर कंप्लीट और कंपोजिट प्लान बनाएं। रामपथ वन गमन मार्ग का प्रोजेक्ट राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

# महापौर के सीधे चुनाव के लिए विधानसभा में फिर आएगा संशोधन विधेयक

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

मध्य प्रदेश में नगर निगम महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता करेगी। इसके लिए शिवराज सरकार विधानसभा के मानसून सत्र में एक बार फिर नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक लाएगी। बजट सत्र में भी इसे प्रस्तुत किया गया था लेकिन उस पर चर्चा नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई थी। कमल नाथ सरकार ने नगर पालिक विधि में संशोधन करते हुए महापौर और अध्यक्ष का चुनाव जनता की जगह पार्षदों के बीच से करने का प्रविधान किया था। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव सहित भाजपा ने विरोध दर्ज कराते हुए राज्यपाल से इन प्रविधानों को लागू करने की अनुमति नहीं देने की मांग रखी थी। हालांकि, राज्यपाल ने इसे कुछ दिन बाद अनुमति दे दी थी। इसके बाद विधेयक लाया गया था लेकिन चुनाव नहीं हो पाए और सत्ता परिवर्तन हो गया। शिवराज सरकार ने सितंबर 2020 में अध्यादेश के माध्यम से फिर पुरानी व्यवस्था लागू कर दी। विधानसभा के बजट सत्र फरवरी 2021 में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पुरानी व्यवस्था बरकरार रखने के लिए नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक सदन में प्रस्तुत किया था। यह पारित हो पाता, इसके पहले सदन की कार्यवाही कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए 16 मार्च 2021 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह का कहना है कि जो विधेयक सदन में प्रस्तुत हो गए थे लेकिन पारित नहीं हो सके, उन्हें सरकार को फिर से लाना होगा। उधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि संशोधन विधेयक एक बार विधानसभा में प्रस्तुत हो चुका है इसलिए अब नए सिरे से प्रक्रिया नहीं करनी होगी।




### महापौर-अध्यक्ष को वापस बुलाने की व्यवस्था होगी बहाल

महापौर या अध्यक्ष में यदि पार्षदों को विश्वास नहीं रह जाता है तो उन्हें वापस भी बुलाया जा सकेगा। इसके लिए कम से कम तीन चौथाई पार्षदों को हस्ताक्षरयुक्त प्रस्ताव कलेक्टर को देना होगा। गुण-दोष के आधार पर वे निर्णय लेंगे और फिर राज्य निर्वाचन आयोग मतदान कराएगा। इसमें यदि क्षेत्र के आधे से अधिक मतदाता संबंधित को हटाने के पक्ष में मतदान करते हैं तो उन्हें पद से हटा दिया जाएगा।

## एयरफोर्स स्टेशन हमले के बाद श्रीनगर में भी ड्रोन पर लगा प्रतिबंध

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर के कठुआ, राजौरी के बाद श्रीनगर में भी प्रशासन ने ड्रोन और उड़ने वाली अन्य वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है. रविवार को जारी किए गए आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हाल ही में जम्मू में वायुसेना स्टेशन पर हुए ड्रोन हमले के बाद सुरक्षा के मद्देनजर श्रीनगर में उड़ने वाली वस्तुओं के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से बैन लगाया जा रहा है. आदेश के मुताबिक किसी भी तरह के ड्रोन या अन्य अनमैन्ड एरियल व्हीकल्स रखना प्रतिबंधित होगा. प्रशासन ने कहा है जिनके पास भी ऐसे पहले से ऐसी डिवाइसेज हैं, उन्हें नजदीकी थाने में जमा करा दें. श्रीनगर के जिलाधिकारी मोहम्मद ऐजाज ने अपने ऑर्डर में कहा कि यह फैसला एसएसपी की सिफारिशों के बाद लिया गया है. जिले में ड्रोन या ऐसे ही UAVs को रखने/बेचने/जमा करने, इस्तेमाल करने या ट्रांसपोर्ट करने पर प्रतिबंध होगा.



## केजरीवाल की मांग, इस बार डॉक्टरों को मिले भारत रत्न

नई दिल्ली। दिल्ली मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भारत रत्न की मांग की है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान सेवा करते हुए अपनी जान दे दी। कोविड-19 के खिलाफ जंग में अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर मरीजों की सेवा की। कोरोना महामारी के खिलाफ डॉक्टरों और हेल्थवर्कर्स ने जंग लड़ी। भारत रत्न देकर उन डॉक्टरों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को इसके बारे में एक ट्विट किया। केजरीवाल ने अपने ट्वीट में लिखा, इस वर्ष भारतीय डॉक्टर को भारत रत्न मिलना चाहिए। भारतीय डॉक्टर मतलब सभी डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिक। शहीद हुए डाक्टरों को ये सच्ची श्रद्धांजली होगी। अपनी जान और परिवार की चिंता किए बिना सेवा करने वालों का ये सम्मान होगा। पूरा देश इस से खुश होगा।



# बस पर हाइटेंशन तार गिरने से एक की मौत, 5 लोग झुलसे

**अतुल्य भास्कर, टीकमगढ़**

टीकमगढ़ से झांसी जाने वाली यात्री बस बिजली के हाइटेंशन तार की चपेट में आ गई। तार गिरते ही बस में करंट फैल गया। कोई कुछ समझता इसके पहले ही करंट के कारण एक महिला की मौत हो गई, वहीं पांच यात्री झुलस गए। घटना दिगौड़ा थाना अंतर्गत आने वाले कुर्राई गांव की है। घटना की सूचना लगते ही दिगौड़ा थाना प्रभारी मैना पटेल मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद करंट में झुलसे अन्य यात्रियों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। झुलसे हुए मरीजों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कुर्राई गांव में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन चल रहा था।




साईं राम बस कंपनी की बस टीकमगढ़ से झांसी जा रही थी। जाम देखकर बस ड्राइवर ने बस को खेत के रास्ते निकालने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान बस बिजली के तार से टच हो गई और यात्री बस में अचानक करंट फ़ैल गया। बस ड्राइवर को जब गलती का अहसास हुआ तो उसने पस को पलटा दिया। इस हादेस में एक महिला की मौके पर मौत हो गई, तो वहीं 5 लोग बिजली के करंट से झुलस गए।

## पीएम आज कोविन ग्लोबल कॉन्क्लेव को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी सोमवार को कोविन ग्लोबल कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए अपने विचार साझा करेंगे। बता दें कि कल इस मौके पर भारत कोरोना से निपटने के लिए कोविन प्लेटफॉर्म को एक डिजिटल पब्लिक गुड के रूप में पेश करेगा। बता दें कि कनाडा, मैक्सिको, नाइजीरिया और पनामा सहित करीब 50 देशों ने अपने टीकाकरण अभियान के लिए कोविन जैसी प्रणाली में दिलचस्पी दिखायी है और भारत ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर मुफ्त में साझा करने के लिए तैयार है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## चुनाव से पहले फिर डीएनए का जिक्र, संघ प्रमुख भागवत बोले

# सभी भारतीयों का डीएनए एक चाहें वो हिंदू हो या मुस्लिम

**अतुल्य भास्कर, गाजियाबाद**

अक्सर चुनावी मुद्दा बनने वाला डीएनए फिर चर्चा में है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गाजियाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान डीएनए को लेकर बयान दिया। संघ प्रमुख ने कहा कि सभी भारतीयों का डीएनए एक है, भले ही वे किसी भी धर्म के क्यों न हों। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता की बातें भी भ्रामक हैं, क्योंकि ये दोनों अलग नहीं, बल्कि एक हैं। लोगों के बीच पूजा पद्धति के आधार पर अंतर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने मॉब लिंचिंग करने वालों के बारे में कहा कि ऐसे लोग हिंदुत्व के खिलाफ हैं।



### यूपी में जबरन धर्मांतरण के बीच बयान आया

भागवत ने कहा कि ये सिद्ध हो चुका है कि हम पिछले 40 हजार साल से एक पूर्वजों के वंशज हैं। इसमें एकजुट होने जैसी कोई बात नहीं है, सभी लोग पहले से ही एक साथ हैं। भागवत का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब यूपी से लगातार जबरन धर्मांतरण की खबरें आ रहीं हैं। योगी सरकार ने भी धर्मांतरण को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। यूपी में मुस्लिम वोटर कई सीटों पर हार-जीत तय करते हैं। सरकार बनाने में उनका अहम रोल होता है। चुनाव के पहले भागवत का यह बयान इस ओर भी इशारा करता है कि भाजपा प्रदेश में मुसलमानों को साथ लेकर चलेगी।

## 8 जुलाई से एक बार फिर से सक्रिय हो जाएगा दक्षिण पश्चिम मानसून

नई दिल्ली। देश में दक्षिण पश्चिम मानसून एक बार फिर से सक्रिय होने वाला है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम राजीवन ने रविवार को दक्षिण पश्चिम मानसून एक विराम के बाद एक बार फिर सक्रिय चरण में जाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पूर्वानुमान मॉडल के संकेत दर्शाते हैं कि आठ जुलाई से बारिश संबंधी गतिविधियां तेज होंगी। उन्होंने कहा कि प्रारूपों में बंगाल की खाड़ी में मौसम तंत्र बनने का संकेत है। करीब तीन दशकों से दक्षिण पश्चिम मानसून पर अनुसंधान कर रहे राजीवन ने ट्वीट किया, मानसून अपडेट- भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रारूप आठ जुलाई से दक्षिण, पश्चिम तटीय और पूर्व मध्य भारत में बारिश संबंधी गतिविधियों की वापसी, वृद्धि का संकेत देते हैं। प्रारूप 12 जुलाई को बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौसम तंत्र बनने और उसके बाद सक्रिय मानसून चरण के शुरुआती संकेत भी दे रहे हैं।



# उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री बनें धामी, कैबिनेट में शामिल हुए 11 मंत्री

**अतुल्य भास्कर, देहरादून**

उत्तराखंड को आज नया मुख्यमंत्री मिल गया है. पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली है. 45 साल के धामी राज्य के अब तक के सबसे युवा मुख्यमंत्री हैं. देहरादून स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने पुष्कर सिंह धामी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. धामी के साथ सतपाल महाराज, हरक सिंह रावत, बंसीधर भगत और यशपाल आर्या ने मंत्री पद की शपथ ली. राज्यपाल ने अरविंद पांडेय, गणेश जोशी को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई. इसके अलावा, रेखा आर्य, डॉ. धन सिंह रावत, यतीश्वरानंद ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. न्यूज एजेंसी अनुसार, मंत्रिमंडल में सभी पुराने चेहरों को बरकरार रखा गया है और एकमात्र परिवर्तन यही किया गया है कि सभी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है।



### आरएसएस और कोश्यारी के करीबी हैं धामी

धामी को RSS का करीबी माना जाता है। वे महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के भी नजदीकी हैं। पुष्कर सिंह धामी के बारे में राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह एक ऐसा नाम है जो हमेशा विवादों से दूर रहा है। पुष्कर सिंह धामी भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे पर काफी जोरशोर से आवाज उठाते रहे हैं।

### जातीय संतुलन भी धामी के पक्ष में गया

राजपूत समुदाय से आने वाले धामी राज्य के तेज तर्रार नेताओं में शुमार हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुष्कर सिंह धामी को सीएम बनाकर जातीय समीकरण भी साधने की कोशिश की गई है। तीरथ सिंह रावत के मुख्यमंत्री बनने के वक्त भी पुष्कर सिंह धामी का नाम रेस में शामिल रहा था।

## फिलीपींस में 92 लोगों को लेकर जा रहा सेना का विमान क्रैश, 17 की मौत



**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस एयरफोर्स का एक सी-130 विमान एक बड़े हादसे का शिकार हो गया। फिलीपींस सशस्त्र बलों के प्रमुख सिरिलेटो सोबेजाना ने कहा कि रविवार को दक्षिणी फिलीपींस में एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में कम से कम 92 लोग मौजूद थे, जिनमें से 17 लोगों की मौत हो गई। अबतक इस विमान के जलते हुए मलबे से 40 लोगों को बचा लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, फिलीपींस की वायुसेना (पीएएफ) का एक सी-130 विमान, जिसमें 85 लोग सवार थे, रविवार की सुबह पाटीकुल सुलू के पास हादसे का शिकार हो गया। ऐसी खबर है कि जब सुलू प्रांत में विमान जिलों द्वीप पर उतरने की कोशिश कर रहा था तो उसी समय विमान में आग लग गई। सोबेजाना ने संवाददाताओं से कहा, ''यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। विमान रनवे पर नहीं उतर पाया। विमान चालक ने उसे फिर से नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाया और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## मध्यप्रदेश में फिर पैर पसार रहा कोरोना, 7 दिनों में इतने केस

भोपाल। मध्यप्रदेश में कोरोना फिर पैर पसार रहा है। दूसरी लहर के कमजोर होने पर अनलाक होने के बाद प्रदेश में नए मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले 7 दिनों में प्रदेश में कोरोना संक्रमितों के आंकडे बढ़ने से हर कोई चिंतित हो उठा है। मध्य प्रदेश में अब तक 7,89,936 लोग कोनोना से संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 7,80,445 ठीक हो गए जबकि 9001 लोगों की मौत हुई है। प्रदेश में अभी 490 एक्टिव केस ही हैं लेकिन संक्रमण खत्म नहीं हुआ है। सुरक्षा उपायों में लापरवाही के कारण मामले दोबारा तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदेश में 27 जून से 3 जुलाई के बीच नए संक्रमितों के 265 मामले सामने आए हैं। कोरोना के इन नए मरीजों भोपाल में 61, इंदौर में 53, बैतूल में 25, जबलपुर में 23 और राजगढ़ में 16 मरीज शामिल हैं।




# मध्य प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को वैध करने लाया जाएगा अध्यादेश

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

*मध्य प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए शिवराज सरकार अब अध्यादेश लाने जा रही है। इसके माध्यम से 1869 अनाधिकृत (अवैध) कॉलोनियों को नियमित करने का अधिकार निकायों को मिलेगा। इसके पहले पांच हजार से ज्यादा कॉलोनियों को शुल्क लेकर नियमित किया जा चुका है। इनका प्रबंधन नगरीय निकायों ने अपने हाथ में ले लिया है पर तीन जून 2019 के बाद से कोई अवैध कॉलोनी नियमित नहीं हुई क्योंकि हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश नगर पालिका कॉलोनाइजर संबंधी शर्तों के एक नियम को रद कर दिया था।*

*इससे रहवासियों के हितों पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए मध्य प्रदेश नगर पालिक विधि में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। अभी विधानसभा का सत्र नहीं है इसलिए अध्यादेश लाने की तैयारी की गई है। इसके प्रारूप को मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को नियमित करने का मामला काफी समय से चल रहा है। समय-समय पर कॉलोनियों को वैधता भी दी गई पर तीन जून 2019 को हाई कोर्ट के एक आदेश के बाद यह काम रुक गया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नियम बनाने की बात कही थी पर तैयारी के बीच ही सत्ता परिवर्तन हो गया। शिवराज सरकार ने मार्च 2021 के बजट सत्र में संशोधन विधेयक लाने की तैयारी की थी पर कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए सत्र समय से पहले स्थगित हो गया। विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है।*



### दिसंबर 2016 तक के निर्माण होंगे शामिल

मध्य प्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 1998 में नियम 15-क जोड़ा गया था। इसमें 31 जून 1998 तक विकसित अनाधिकृत कॉलोनियों तथा उसमें भूखंडों पर अवैध निर्माण का शुल्क लेकर नियमितीकरण करने का प्रविधान था। इस समय सीमा को पहले 30 जून 2002 तक फिर 31 दिसंबर 2016 तक बढ़ाया गया था।

### यह होगा फायदा

- बैंक से भूखंड पर ऋण ले सकेंगे।
- सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य सुविधाएं नगरीय निकायों के माध्यम से मिल सकेंगी।
- स्वीकृत नक्शे से अधिक निर्माण यदि 20 फीसद तक है तो उसे समझौता शुल्क लेकर मान्य किया जाएगा। इससे अधिक को तोड़ा जाएगा।
- निकायों की आय बढ़ेगी और विवाद भी खत्म होंगे।

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी क्षेत्र के लखपति करोड़पति परिवारों को स्वीकृत की 5-5 हजार रूपये की स्वेच्छा अनुदान राशि पर गरीबों ने उठाये सवाल

## सुरखी उपचुनाव में कार्य करने वाले अपने समर्थकों को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्वीकृत की स्वेच्छा अनुदान राशि

**अतुल्य भास्कर, सागर**

सुरखी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के लिए कार्य करने वाले समर्थकों के लिए मंत्री बनने के बाद गोविंद सिंह राजपूत ने विधायक स्वेच्छा अनुदान निधि से 5-5 हजार रूपये स्वीकृत किये है।



स्वेच्छा अनुदान राशि गरीब, निराश्रित, असहाय, लोगों के लिए शासन द्वारा स्वीकृत किये जाने का प्रावधान है लेकिन सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मार्च 2021 में 187 लोगों को विधायक स्वेच्छा अनुदान निधि से 5-5 हजार रूपये 9 लाख 35 हजार रूपये स्वीकृत की है उनमें से अधिकांश परिवार एवं लोग न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध है वरन् कई लोगों के पास, महंगी-महंगी कारे, आलीशान मकान और लाखों रूपये की प्रापर्टी पहले से ही है। यहीं नहीं कई लोगों के पास करोड़ों रूपये का बिजनेस चल रहा है। लेकिन फिर भी गरीबों, असहायों, मरीजों के स्थान पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने समर्थकों को उपकृत करने के लिए विधायक स्वेच्छाअनुदान निधि से 5-5 हजार रूपये स्वीकृत किये गये है।

बताया तो यह भी गया है कि जिन लोगों को स्वेच्छा अनुदान निधि से 5-5 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। उनमें से कई लोगों का एक दिन का खर्च ही 5 हजार रूपये है।



| क्र. | नाम | राशि | प्रयोजन | |
|---|---|---|---|---|
| 149 | हीरा सिंह, ग्राम मुरली, वि. स. सागर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 150 | दुष्यंत मिश्रा, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जैसीनगर |
| 151 | अभिषेक साहू, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 152 | सावन मिश्रा, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 153 | अंकित चौबे, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 154 | गोविंद विश्वकर्मा, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 155 | ब्रजेन्द्र सिंह, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 156 | साहिल जैन, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 157 | अजय राजपूत, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 158 | राजेन्द्र सिंह, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 159 | सुदर्शन नेमा, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 160 | अभिजीत सिंह, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 161 | अंशुल उपाध्याय, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 162 | गौरव शर्मा, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जैसीनगर |
| 163 | रिंकू जैन, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 164 | सुरेन्द्र काछी, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 165 | बसंत सेन, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 166 | हेमंत पटेल, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 167 | महेन्द्र सिंह, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 168 | बालमुकुंद पटेल, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 169 | बृजेश तिवारी, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 170 | मनीष, ग्राम बिलहरा, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 171 | छोटेभाई दांगी, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 172 | लखन सिंह ठाकुर, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 173 | माखन राजपूत, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 174 | राजकमल सोनी, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 175 | गुड्डू घोषी, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 176 | अजित लोधी, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 177 | संजय दुबे, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 178 | निरंजन राजपूत, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 179 | नवनीत सिंह आठिया, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 180 | मुकेश प्रजापति, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 181 | संदीप सेन, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 182 | प्रमोद, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 183 | शिवम दुबे, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 184 | देवकीनंदन राजपूत, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 185 | सतीश काछी, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 186 | पंकज, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| 187 | नरेंद्र सिंह आठिया, ग्राम जैसीनगर, वि. स. जैसीनगर | 5000 | आर्थिक सहायता | तदैव |
| | योग :- नौ लाख सत्तावन हजार रूपये मात्र | 957000 | | |

कलेक्टर

ऐसे सम्पन्न, समृद्ध लोगों को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने उपकृत करने के लिए विधायक स्वेच्छा अनुदान निधि का खुला उपयोग किया है। जबकि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में ही ऐसे हजारों परिवार है जो अपने इलाज के लिए, रहने के लिए दैनिक जीवन यापन करने के लिए 5-5 रूपये के लिए परेशान है लेकिन मंत्री महोदय को ऐसे परिवारों की चिंता नहीं है।

केवल अपने समर्थकों, चुनाव में कार्य करने वाले चापलूसों को उपकृत करने के लिए मंत्री महोदय कोई कसर नहीं छोड़ रहे जबकि रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने में क्षेत्र की आम जनता ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी लेकिन मंत्री महोदय ऐसी जनता को नजर अंदाज कर केवल अपने समर्थकों को ही उपकृत करने में लगे है। इससे क्षेत्र में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के खिलाफ तरह तरह की चर्चाए व्याप्त है।

### सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी के लिए स्वीकृत हो रही मदद

सोशल मीडिया पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के द्वारा उद्घाटन एवं उनकी अच्छी छबि प्रदर्शित करने वाली पोस्ट डालने वालों को विधायक स्वेच्छा अनुदान निधि से 5-5 हजार रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गई। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई, लेकिन जिन 187 लोगों को स्वेच्छा अनुदान निधि स्वीकृत की गई है। उनमें दो दर्जन से अधिक लोग सोशल मीडिया पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की प्रशंसा में पोस्ट लिखते है एवं उनके विरोध में आने वाली सोशल मीडिया पोस्टों को डिलीट करने का भी काम करते है। ऐसे लोगों को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 5-5 हजार रूपये स्वेच्छा अनुदान राशि स्वीकृत कर दी है, जिसका क्षेत्र में ही जबरजस्त विरोध हो रहा है कि मंत्री बनने के बाद आम लोगों की चिंता करने के स्थान पर मंत्री केवल अपने समर्थकों की चिंता कर उन्हें उपकृत करने में लगे है।

### स्वेच्छा अनुदान निधि का हो सदुपयोग

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि स्वेच्छा अनुदान निधि का पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभ मिले तभी उसका सदुपयोग है। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा विधायक निधि के स्वेच्छानुदान के नाम से 5000-5000 रुपये की आर्थिक सहायता की सूची शोसल मीडिया में वायरल होने से हड़कंप मचा हुआ है,जैसे ही शोसल मीडिया पर खबर वायरल हुई तो पडताल करने पर पता लगा कि संभागीय योजना एंव सांख्यिकी क्रार्यालय सागर द्वारा दिनांक 23-03-21 को क्रमांक 1641 के तहत पत्र जारी किया गया कि मंत्री गोंविद सिंह की अनुशंसा पर पत्र क्रं 1163, 1178, 1179 के तहत क्षेत्र के 187 के लोगो को 5000-5000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, लेकिन मंत्री गोंविद सिहं राजपूत ने जो आर्थिक सहायता प्रदान की वह काफी सक्षम लोगों को प्रदान की यह क्षेत्र में जनचर्चा का विषय बन गया कुछ तो यह कहने लगे कि यह स्वेच्छानुदान फेसबुक और व्हाटस्प पर मंत्री की जो पोस्ट की जाती है उसके एवज मे यह राशि मिली है,और कुछ लोग यह कहने लगे कि इतने बडे पद पर पहुंचने के बाद ऐसी हरकतो से बचना चाहिए, दबाब डालकर फेसबुक पर से पोस्टे डिलीट करवाई जाती है लेकिन जो सत्य है वह सत्य रहेगा।

## रिश्तेदार की लड़की को भगाने वाले की पत्थर से कुचल कर हत्या, पुलिस ने आईटीआई के पास से आरोपी को पकड़ा

**अतुल्य भास्कर, सागर**

मोतीनगर थाना क्षेत्र के बड़ा करीला में शनिवार की रात आपसी रंजिश में एक युवक के सिर पर पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरोपी मृतक का पड़ोसी है। जो कि शराब के नशे में था। रात में ही पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी, जिसके बाद रविवार सुबह आईटीआई के पास आरोपी को पकड़ लिया गया है।



मोतीनगर पुलिस के मुताबिक संत रविदास वार्ड निवासी अजय 22 वर्ष पिता रमेश अहिरवार की पड़ोस में रहने वाले अज्जू अहिरवार से उसकी पुरानी रंजिश चल रही थी। रात करीब साढ़े नौ बजे शराब के नशे में पहले तो दोनों के बीच विवाद हुआ। मौके पर ही मौजूद एक अन्य युवक ने बीच-बचाव भी किया, लेकिन वह असफल रहा। इसके बाद आरोपी अज्जू ने अजय के सिर पर पत्थर पटक दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। गंभीर हालत में उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि करीब तीन साल पहले अज्जू अहिरवार आरोपी अजय की रिश्तेदार की लड़की को भगा ले गया था। तभी से अज्जू अजय से रंजिश पाले हुए थे। हत्या के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का मुआयना किया पुलिस ने मौके पर मौजूद अन्य लोगों से और मृतक के परिजनों से बयान लिए। इसके बाद आरोपी की तलाश शुरू की। उसकी तलाश के लिए पूरे क्षेत्र में टीमें तैयार कर दबिश दी, जिसके बाद रविवार सुबह आईटीआई के पास आरोपी अज्जू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## अनु. जाति जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक आज

**अतुल्य भास्कर, सागर**

कलेक्टर श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण के संबंध में 5 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि आपकी संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।

## कोविशील्ड के द्वितीय डोज के सत्र आयोजित होंगे आज

**सागर।** राज्य स्तर से प्राप्त निर्देश अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देष दिए हैं कि 5 जुलाई को कोविशील्ड के द्वितीय डोज के सत्र आयोजित करें। उन्होंने हितग्राही को बुलाने हेतु मास मैसेज, टेलीकालर सिस्टम का उपयोग करें। साथ ही आशा , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शहरी क्षेत्र में नगर निगम / नगर पालिका के कर्मचारी के द्वारा आयु लिस्ट अनुसार घर - घर जाकर सूचित कर सन्त्र स्थल पर हितग्राही को लाया जाये एवं टीकाकृत कराया जाये ।

## कलेक्टर ने किया अटल पार्क का निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

**अतुल्य भास्कर, सागर**



कलेक्टर दीपक सिंह ने नगर निगम कमिश्नर आर पी अहिरवार के साथ अटल पार्क का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में आने वाले समस्त नगर वासियों से कोविड-19 गाइडलाइन का पालन कराने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि पार्क के रखरखाव के लिए वार्ड स्तर पर एक समिति गठित की जाए जिसमें पाक के खुलने एवं बंद होने का समय निश्चित किया जाए। साथ ही पार्क की सही तरीके से देख रेख हो सके इस पर भी विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए जिसमें पार्क में होने वाले नुकसान एवं उसकी भरपाई के लिए प्रबंध किए जाएं । कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि पार्क में बगैर मास्क के कोई भी व्यक्ति प्रवेश ना करें। साथ ही पार्क के मुख्य द्वार पर आने वाले व्यक्तियों को सेनेटइज किया जावे। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि नगर निगम द्वारा शहर के जो भी पार्क आम जनता के लिए खोले जा रहे हैं उनमें भी कोविड गाइड लाइन का अक्षरश पालन कराया जावे और यदि लगता है कि पार्क में अत्यधिक भीड़ बढ़ रही है तो तत्काल प्रवेश को बंद किया जाए।

### काँग्रेसजनो ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर पुण्य का स्मरण कार्यक्रम का किया आयोजन

सागर। गुरु को जीवन का आदर्श मानकर आध्यात्म के जरिये संपूर्ण विश्व को आध्यात्मिक राह पर चलने की प्रेरणा देने वाले स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पूरी श्रद्धा व गरिमा के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया । कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने स्वामी विवेकानन्द जी को युगनायक एवं प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु बताते हुए कहा कि वे वेदांत और पाश्चात्य शिक्षा दोनों को साथ रखकर शिक्षा को आगे की ओर लाना चाहते थे।

## मनी सिंह ने सभी वर्ग के विद्यार्थियों को वितरित किये स्कूल बैग

**अतुल्य भास्कर, सागर**

जनता स्कूल जबाहरगंज में सतनाम वेलफेयर सोसायटी मकरोनिया के तत्वावधान में स्कूल के सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क बैग वितरित किए गए शहर के उपनगरीय मकरोनिया के जाने माने जनसेवक मनी सिंह गुरोन ने छात्र-छात्राओं को अपने हाथ से बैग पहनाए और उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों को निःशुल्क बैग वितरण कार्यक्रम में सतनाम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मनी सिंह गुरोन की उपस्थिति में किया गया। जहां हाई स्कूल के करीब बीस छात्र-छात्राओं को मनी सिंह की ओर से स्कूल बैग वितरित किए बही कार्यक्रम के दौरान मनी सिंह भावुक दिखाई दिए।



इस अवसर पर जनता शिक्षा समिती के सचिव एलबी सेठ, प्राचार्य महेश पाठक, जवाहरगंज शाला के प्रभारी अनिल सेन, सुधीर द्विवेदी मीडिया प्रभारी सतनाम नर्सिंग होम सहित शहर के सभी गणमान्य नागरिकों ने बच्चों को अपने हाथों से स्कूल वितरित किये। जहा स्कूल के बच्चे बैग पाकर खुश नजर दिखाई दिये।

## 205 लोगों पर कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर दीपक सिंह के निर्देष पर जिले में चलाए जा रहे रोको टोको अभियान अंतर्गत गत दिवस 205 लोगों पर चालानी कार्यवाही कर 15370 रुपए वसूल किए गए। कोविड संक्रमण को रोकने में मास्क एक कारगर उपाय है। रोको टोको अभियान के तहत मास्क न लगाने वालों को रोक कर उन्हें मास्क लगाने के प्रति सचेत किया जाता है और चालानी कार्यवाही की जाती है।

## बारात में डीजे पर नाचने पर दो पक्षों में हुई मारपीट महिला हुई घायल

**अतुल्य भास्कर, सागर**

मोती नगर थाना क्षेत्र के भापेल में बीती रात बारात में डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया जिसके बाद मारपीट में एक महिला भी घायल हुई है पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार मोती नगर थाना क्षेत्र के भापेल से 5 किलोमीटर दूर ग्राम फुटेरा में शनिवार रात को आदिवासी परिवार में देवी आदिवासी के घर जैसीनगर से बारात आई थी इसी दौरान रात 12 बजे डीजे पर नाचने के दौरान हुई पत्थरबाजी ने 2 परिवार में मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया जिसमें पड़ोसी परिवार की महिला बंटी पति राम बाबू सौर उम्र 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई पीड़ित महिला को पत्थरबाजी के दौरान दाहिने पैर पीठ व सीने में चोट आई है।

सूचना लगने पर तुरंत ही मोती नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। और 108 एंबुलेंस स्टाफ के डॉक्टर कमल किशोर अहिरवार व पायलट व बदन सिंह ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार करते हुए शीघ्र जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

वही मारपीट कि वजह डीजे पर नाचने के दौरान लड़की पक्ष से पत्थरबाजी को बताया जा रहा है जिससे दोनों परिवारों में मारपीट हो गई।फिलहाल मोती नगर पुलिस ने मामला जाँच मे लिया है।

## जिले में अब तक 196 मिमी से ज्यादा औसत वर्षा दर्ज

**अतुल्य भास्कर, सागर**

सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 196.84 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में स्थापित वषार्मापी केन्द्रों में आंकी गई वर्षा रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक केसली केन्द्र पर सर्वाधिक 480.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष आज दिनांक तक 216.10 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वषार्मापी केन्द्रों में 1 जून से आज तक सागर केन्द्र में 137.1 मिमी, जैसीनगर में 190.4 मिमी, राहतगढ में 122 मिमी, बीना में 149.8 मिमी, खुरई में 147.7 मिमी, मालथौन में 63 मिमी, बण्डा में 60.5 मिमी, शाहगढ में 106 मिमी, गढ़ाकोटा में 207.6 मिमी, रहली में 329 मिमी, देवरी में 368.1 मिमी तथा केसली में 480.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

# केंद्रीय जेल सागर में चद्दर की चार दीवारी बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार का खुला खेल

## टेंडर प्रक्रिया से कार्य न कराकर जेल प्रशासन ने अपने अधिनस्थ अमले से चार दीवारी बनाने के करा लिया काम

**अतुल्य भास्कर, सागर**

बड़ी बड़ी मजबूत ऊंची दीवारें भी अपराधियों को रोक नहीं पाती है भारी सुरक्षा व्यवस्था की जाती है तब अपराधी जेल में सुरक्षित रहते है। लेकिन केंद्रीय जेल प्रशासन सागर ने अपराधियों की सुरक्षा के लिए चद्दर की दीवार बनवाकर भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला है वरन् केंद्रीय जेल सागर में अपराधियों के भागने का रास्ता भी सुगम कर दिया है।





दरअसल केंद्रीय जेल सागर की बाऊंड्रीवाल दीवाल गत सप्ताह ढह गई थी। उसको बनाने के स्थान पर केंद्रीय जेल प्रशासन ने लोहे का एन्गिल गाड़कर उसमें एक-एक चद्दर का टीन लगा दिया है जिससे जेल में बंद कैदी वाहर न जा पाये।

अब यह जेल प्रशासन को कौन बनाये कि जिस जेल में खू-खार अपराधी बंद है। जिन अपराधियों को लंबी, ऊंची पत्थरों, क्रांक्रीट की दीवालों में कैद कर रखा जाता है उन खू-खार अपराधियों को 4 फुट ऊंची चद्दर की दीवाल भागने से कैसे रोक पायेगी।

केंद्रीय जेल प्रशासन सागर के सूत्रों का कहना है कि सागर जेल में चद्दर की बाऊंड्रीवाल बरवाने के लिए खुला भ्रष्टाचार किया जा रहा है। 5 लाख रूपये की राशि केवल चंदर की कुछ मीटर बाऊंड्री बनाने में खर्च कर दिए गए जबकि इतनी ही राशि से सीमेंट क्रांक्रीट एवं पत्थर की दीवार खड़ी की जा सकती थी। यहीं नहीं जेल प्रशासन द्वारा टैकनेसियनों के स्थान पर जेल में बंद कैदियों से ही चद्दर की चार दीवारी बनवाई गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है चोर को ही ताला लगाने की जिम्मेदारी सौंपी दी गई है।

ऐसे में अगर जेल से अपराधी भागते है तो इसी जिम्मेदारी कौन लेगा। इस पूरे मामले की गहराई से जांच की जाये तो चार दीवारी निर्माण के नाम पर कई अनियमितताएं बरती गई है और बड़ी स्तर पर भ्रष्टाचार किये जाने के आरोप प्रशासन पर लग रहे है। सूत्रों ने तो यह भी कहा है कि चद्दर की चार दीवारी का कोई प्रावधान जेल अधिनियम में नहीं है। फिर टूटी हुई बाऊंड्रीवाल को पत्थरों से निर्मित क्यों नहीं कराया गया इसके लिए किसी जबावदारी है।

सूत्र बताते है कि केंद्रीय जेल सागर में एक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा मनमान तरीके से जेल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आने वाली राशि का खुला दुरूपयोग किया जा रहा है वहीं जेल में ड्यूटीरत प्रहरियों से निजी कार्य करवाये जा रहे है।

## धवई सरपंच पति ने अज्ञात कारणों से खारीहार में लगाई फांसी

**केसली।** केसली थानांतर्गत ग्राम पंचायत धवई की सरपंच कल्पना रानी के पति वीरन पिता मोहन लाल गौड़ उम्र 50 वर्ष ने जैथारी ग्राम के खारी हार में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।थाना प्रभारी केसली मकसूद अली ने उपरोक्त जानकारी बताते हुए कहा कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**सागरवासी अपनी रचनात्मक भूमिका से कराएँ सागर का विकास**

# सागर ने विकास के रास्ते भारत के नक्शे पर बनाई है अपनी पहचान : मन्त्री भूपेंद्र सिंह

## सागर में विकास का पहिया निरंतर घूम रहा है-सांसद सिंह

- सागर के विकास में बजट कभी भी बाधा नहीं बनेगा: मंत्री सिंह
- सागर का इन्क्यूबेशन सेंटर युवाओं के लिए लाइफ लाइन का काम करेगा: विधायक जैन




**अतुल्य भास्कर, सागर**

सागर के विकास में कभी भी बजट की बाधा आड़े नहीं आएगा। सागर स्मार्ट सिटी ने विकास के रास्ते से भारत के नक्शे पर अपनी पहचान स्थापित की है। उक्त विचार मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने रविवार को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत संजय ड्राइव रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं स्पार्क इन्क्यूबेशन सेंटर की वेबसाइट के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत तिली अस्पताल रोड स्थित चैतन्य अस्पताल से कनेरा देव चौराहे तक आठ करोड़ 75 लाख की लागत से बनने वाली रोड के भूमि पूजन के अवसर पर मध्य शासन के नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि सागर के संपूर्ण विकास के लिए बजट कभी वाधा नहीं बनेगा, और इसी विकास के माध्यम से सागर की स्मार्ट सिटी ने भारत के नक्शे पर अपनी पहचान स्थापित की है और यह पहचान हमेशा कायम रहे इसके लिए हम सभी को रचनात्मक भूमिका से कार्य करते हुए सागर का संपूर्ण विकास करना होगा।

मंत्री ठाकुर ने कहा कि पिछले वर्षों से सागर में विकास की दिशा में जो निरंतर कार्य किए जा रहे हैं उसी से सागर का नाम देश में स्थापित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सागर की स्मार्ट सिटी में विगत दिनों जो अपना स्थान बनाया है वह अभूतपूर्व है और हमें इंदौर वासियों की तर्ज पर अपना सागर प्रथम स्थान पर लाना होगा।

उन्होंने कहा कि इंदौर वासियों का अब जो स्वभाव बन गया है कि, प्रत्येक स्पर्धा में नंबर वन पर रहे इसी प्रकार हम सागर वासियों को संकल्प लेना होगा कि हम भी हमेशा नंबर वन पर रहे।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में चकरा घाट से बस स्टैंड तक एक नया एलिवेटेड कॉरिडोर बनकर तैयार होगा जिससे हमें ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी उन्होंने कहा कि इसका शीघ्र ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भूमि पूजन कराया जायेगा।

मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि सागर लाखा बंजारा झील की सुंदरीकरण की बात करते हुए कहा कि यह मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना है और इसमें हमें जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेना है क्योंकि जो भी कंपनी इस कार्य को कर रही है उसके लिए 18 माह का समय दिया गया था और 18 माह में 3 माह से अधिक कोरोना काल में चले गए हमें रचनात्मक सोच रखते हुए सागर लाखा बंजारा झील सुंदरीकरण की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि यह लाखा बंजारा झील से सागर वासियों की भावनाएं जुड़ी हुई है।

मंत्री ठाकुर ने कहा कि जब से मैं नगरीय विकास मंत्री बना हूँ तब से मैं सागर का कर्ज चुकाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा हूँ और मैं यह विकास तब तक करता रहूंगा जब तक मेरा कर्ज सागर का संपूर्ण विकास करके पूर्ण नहीं होता। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आने वाले समय में नया सागर देखने को मिलेगा।

इस अवसर पर सांसद राजबहादुर सिंह ठाकुर ने कहा कि सागर में विगत वर्षों से जो विकास का पहिया तेज गति से घूम रहा है जिससे हमारा सागर शहर निरंतर विकास कर रहा है इसे हमें निरंतर जारी रखने के लिए प्रयास करते रहना होगे। उन्होंने कहा कि इस रोड के बन जाने से सागर की एक तिहाई आबादी को ट्रैफिक से निजात मिलेगी और आसानी से बस स्टैंड, तिली अस्पताल, मेडिकल पहुँचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सागर के विकास में एक नई कड़ी और जुड़ रही है जो कि वर्षों पुरानी थी उन्होंने कहा कि सागर की सैकड़ों डेरिया विस्थापित की जा रही हैं जिससे हमें ट्रैफिक एवं आवागमन में आसानी होगी।

सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि सागर की विकास की गाथा में आज जो नया अध्याय जुड़ने जा रहा है यह रोड एक लाइफ लाइन का काम करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री चौहान के माध्यम से ही सागर स्मार्ट सिटी में शामिल हुआ है और हम सागर का निरंतर विकास कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सागर के विकास का संकल्प जो लिया है उसको हम शीघ्र ही मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर के माध्यम से पूर्ण करेंगे।

उन्होंने कहा कि सागर में ग्रीन सिटी ऑफ द मध्य प्रदेश के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने युवाओं के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर की वेबसाइट के लोकार्पण के संबंध में जानकारी देते हुए भारत बताया कि यह सेंटर सागर के युवाओं के लिए मील का पत्थर सागर साबित होगा उन्होंने कहा कि यह इन्क्यूबेशन सेंटर संपूर्ण बुंदेलखंड में पहला होगा।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सागर के प्राचीन पंडित मोतीलाल नेहरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 करोड़ की लागत से एक अत्याधुनिक टाउन हॉल तैयार भी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सागर में 169 आंगनवाड़ी केंद्र 28 करोड़ की लागत से तैयार करने की योजना भी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में सागर एकमात्र ऐसा नगर होगा जिसमें प्रत्येक वार्ड में पार्क, खेल मैदान एवं जिम तैयार किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह रोड 8 करोड़ 75 लाख की लागत से बन रही है और इस रोड से बन जाने पर सागर की एक तिहाई आबादी को आवागमन में आसानी होगी उन्होंने कहा कि इस रोड के दोनों तरफ पांचवी नाली आधुनिक लाइटें लगाई जा रही जाएंगी।

उन्होंने कहा कि रोड के बन जाने के बाद चौपाटी भी तैयार कराई जाएगी जिससे सागरवासी लाखा बंजारा झील पर आकर मनोरंजन कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि सागर में इन्क्यूबेशन सेंटर का भवन शीघ्र ही पुराने आरटीओ भवन परिसर में तैयार किया जा रहा है जो कि बुंदेलखंड में इकलौता होगा और इस भवन के बन जाने से हमारे युवाओं को नई दिशा एवं दशा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद जैन ने किया जबकि आभार नगर निगम कमिश्नर आर पी अहिरवार ने माना। इस अवसर पर सागर सांसद राजबहादुर सिंह ठाकुर ,विधायक शैलेंद्र जैन, प्रदीप पाठक, शैलेश केशरवानी, श्याम तिवारी, नवीन भट्ट, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र पाठक, विनय मिश्रा ,कलेक्टर दीपक सिंह ,नगर निगम कमिश्नर आरपी अहिरवार, स्मार्ट सिटी के सीईओ राहुल सिंह राजपूत, रवि ठाकुर, रजत गुप्ता, डॉ प्रणयकमल खरे सहित गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## एएसआई ने मीडिया को कहा बिकाऊ, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, यूजर बोले सही तो कहा



दमोह। बिना मास्क चालान काटता पुलिस कर्मी।

**अतुल्य भास्कर, दमोह**

दमोह जिले के पथरिया थाने में पदस्थ एएसआई का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिस कर्मी किसी मीडिया कर्मी से बात करता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में असिस्टेंड सब इंस्पेक्टर मीडिया को बिकाऊ और मीडिया कर्मी अपशब्द इस्तेमाल करते देखा जा सकता है। दरअसल पथरिया में संजय चौराहे पर पुलिस कर्मी बिना मास्क पहने नागरिकों के चालान काट रही थी, इस मामले में खासबात यह थी कि चालान काटने वाले पुलिस कर्मी खुद बिना मास्क के चालानी कार्यवाही को अंजाम दे रहे थे।

कोरोना की रोकथाम हेतु मास्क न लगाने वालों के चालान काटे जा रहे हैं रेलवे पुलिया वाले मोड़ पर चालानी कायार्वाही की जा रही थी जिसमें चालान काटने वाले प्रधान आरक्षक स्वयं बिना मास्क के चालान काटते रहे जिस पर कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति भी जताई। वहीं चालान कटने के डर से कई लोग भागते भी दिखे और गिरकर घायल भी हुए। बिना मास्क, मास्क न पहनने वाले नागरिकों का चालान कर रही पथरिया पुलिस मीडिया की सुर्खियां बनी। इसके बाद पथरिया थाने में पदस्थ एएसआई आरपी चौधरी मीडिया को बिकाऊ औ? मीडिया कर्मी को अपशब्द कहते नजर आए। एएसआई आरपी चौधरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जहां सोशल मीडिया यूजर मीडिया एएसआई के पक्ष में नजर आए वहीं पुलिस जैसे जिम्मेदार महकमे के अधिकारी द्वारा मीडिया को बिकाऊ कहने पर नाराज भी दिखे। फेसबुक यूजर आकाश तिवारी ने वीडियो पर कमेंट करते हुए कहा "ये बाते तो हर कोई बोल रहा है...।

इस पुलिस वाले ने तो झुंझलाहट में बोलकर अपने भाव व्यक्त कर दिए।" एक अन्य फेसबुक यूजर धर्मेंद्र राय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा "नया कुछ नही बोला गया.. आजकल सभी बोल रहे है..। खासबात यह रही कि पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने भी एएसआई द्वारा कही गई बात की तस्दीक ही की है। निश्चित रूप से यह गुस्सा देश की उस मीडिया के खिलाफ है जो पत्रकारिता से इतर अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं।

# आज सिर्फ कोविशील्ड वैक्सीन का सेकंड डोज लगाया जाएगा 41 केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन

**अतुल्य भास्कर, होशंगाबाद**

जिले में कोविड 19 वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत आज सिर्फ कोविशील्ड वैक्सीन का सेकंड डोज लगाया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर नलिनी गौड ने बताया कि आज जिले में 41 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा, जिसमें आज की स्थिति में कोविशील्ड का पहला डोज 84 दिन पहले लगवा चुके नागरिकों को कोविशील्ड वेक्सीन का सेकंड डोज लगाया जाएगा। अत: ऐसे सभी नागरिकों से आग्रह है कि वें कोविशील्ड का सेकंड डोज लगवाकर अपना कोविड19 टीकाकरण पूर्ण कराएं। टीकाकरण केंद्रों मे पंजीयन टोकन व्यवस्था के आधार पर किया जाएगा, जिससे पहले आने वाले नागरिकों को पहले टीका लगाया जा सके। अत: नागरिक स्वयं का मोबाइल फोन व पहले डोज के समय , फोटो लगा पहचान पत्र के साथ टीकाकरण केन्द्र जाकर पंजीयन कराएं एव टीका लगवाएं।

इस दिन सभी टीकाकरण केन्द्रों में सिर्फ कोविशिल्ड का सेकंड डोज लगाया जाएगा, प्रथम डोज वाले या कोवेक्सीन के सेकंड डोज वाले नागरिक टीकाकरण केन्द्रों पर उपस्थित ना हों।

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि होशंगाबाद के अंतर्गत शासकीय कन्या स्कूल होशंगाबाद में 500 , शासकीय एसएनजी स्कूल होशंगाबाद में 500 ,शासकीय मिडिल स्कूल ग्वालटोली में 250, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालाखेड़ी में 250 ,इसी प्रकार डोलरिया ब्लाक के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र रायपुर में 100, शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम गुर्रा में 100, शासकीय माध्यमिक शाला डोलरिया में 200, बाबई ब्लॉक के अंतर्गत पंचायत भवन ग्राम गूजरवाड़ा में 100, शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बाबई में 250, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागरातवा में 150, पंचायत भवन सांगाखेड़ा खुर्द में 100, पंचायत भवन सांगाखेड़ा कलाँ में 100, पंचायत भवन ग्राम आँचलखेड़ा में 100, इटारसी के अंतर्गत सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल इटारसी में 450, नुरहक पब्लिक स्कूल नाला मोहल्ला में 250, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिशाला गार्डन पुरानी इटारसी में 250, रॉयल त्रिनिटी स्कूल मालवीय गंज इटारसी में 250, केसला ब्लॉक के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र पथरौटा में 100, पंचायत भवन केसला में 150, शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला सुखतवा में 150, आदि शासकीय स्कूल शिवपुर में 200, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाबड़िया भाऊ में 200 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोठरा में 200 इस प्रकार कुल 8000 नागरिकों के टीकाकरण के लिए इन सभी केंद्रों पर सुबह 9 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक कोविशील्ड के सेकंड डोज हेतु कोविड टीकाकरण सत्र संचालित किए जा रहे हैं। सभी हेल्थ केयर वर्करों (स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग)को कोविशील्ड का पहला डोज लगा था, अत: जो हेल्थ केयर वर्कर कोविशील्ड का सेकंड डोज नही लगवा पाये हैं, वें भी 05 जुलाई के सत्रों में अनिवार्य रूप से अपना टीकाकरण कराएं।

**नगर विधायक एवं नगर निगम आयुक्त ने शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने हेतु बैठक ली**

# गौरमूर्ति से राधा तिराहा एवं जय स्तंभ से विजय टाकीज रोड तक हाथ ठेला, जमीन पर बैठकर व्यवसाय करना प्रतिबंधित रहेगा

**अतुल्य भास्कर, सागर**



नगर विधायक शैलेन्द्र जैन ने नगर निगम आयुक्त आर.पी.अहिरवार, एडीषनल एस.पी. विक्रमसिंह कुषवाह की उपस्थिति में नगर निगम एवं पुलिस प्रषासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें शहर क्षेत्र विषेषकर गौरमूर्ति से राधा तिराहा तक एवं जय स्तंभ से विजय टाकीज तक यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा उपरांत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

बैठक में नगर निगम उपायुक्त डॉ.प्रणय कमल खरे, यातायात डी.एस.पी.श्री संजय खरे के साथ थाना प्रभारी सिटी कोतवाली श्री नवल आर्य, थाना प्रभारी गोपालगंज श्रीमति उपमासिंह, सिविल लाईन थाना प्रभारी श्रीमति अनुपमा सिंह सहित अन्य थाना प्रभारी तथा निगम एवं पुलिस प्रषासन के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि यातायात व्यवस्था को सुगमता की दृष्टि से यानि इस क्षेत्र गौर मूर्ति से राधा तिराहा तक तथा जय स्तंभ से विजय टाकीज तक सड़क किनारे जितने भी हाथ ठेला सभी प्रकार के अपना पंजीयन 10 जुलाई तक नगर निगम कार्यालय में करा लें इसके पष्चात के सभी ठेले वाले यदि विक्रय करते है वे अवैध माने जायेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विजय टाकीज रोड़ पर घोड़ा बग्गी वाले, मटका विक्रय करने वाले सहित अन्य सभी दुकानदार जो अपनी दुकान के सामने रोड़ पर सामग्री रखकर विक्रय करने वाले ऐसे अतिक्रमण कारी भी अपना अतिक्रमण 5 जुलाई तक (दो दिवस) में स्वयं हटा लें इसके साथ ही ऐसे सभी हाथ ठेला पर विक्रय करने वाले फल-सब्जी बाले अपना व्यवसाय पुरानी सब्जी मण्डी में अपना व्यवसाय करेंगे तथा इसी क्षेत्र के जूते, चप्पल, मनिहारी सामग्री, टोकनी आदि दुकानदार जो सड़क पर रखकर व्यवसाय करते है ऐसे सभी दुकानदार साबूलाल मार्केट के अंदर व्यवस्थित होकर वहॉ अपना व्यवसाय करेंगे ताकि यातायात व्यवस्था सुगम हो सकें, ऐसे दुकानदार कोई भी रोड़ पर दुकानें न लगाये अन्यथा निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

इसके साथ ही कटरा क्षेत्र मुख्य मार्ग तीन बत्ती से राधा तिराहा तक एवं कीर्ति स्तंभ से विजय टाकीज तक के जितने भी चाट के ठेले आदि के एवं स्व चलित वाहनों पर व्यवसाय करने वाले अब सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक म्यूनिसिपिल स्कूल ग्राउण्ड परिसर में अस्थायी रूप से उनको दिये गये निर्धारित नम्बरों पर रात्रि 10 बजे व्यवसाय कर सकेंगे इसके पष्चात सभी हाथ ठेला यहॉ से बाहर जायेंगे।

# कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी शुरू, केबिनेट मंत्री भार्गव द्वारा रहली अस्पताल कराई जा रही तैयारियां

**अतुल्य भास्कर, रहली**



कोविड 19 कोरोना वायरस की तीसरी लहर से लड़ने व अपने क्षेत्र के लोगो के बचाव के लिये लोकनिर्माण मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी है,जैसा कि विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी के तीसरी लहर का सबसे अधिक प्रभाव बच्चो पर पड़ेगा इसके लिये अभिषेक भार्गव के निर्देशन में गढ़ाकोटा में प्रदेश ही नही बल्कि देश का पहला चाइल्ड कोविड वार्ड खोला था जो आज भी संचालित है बस उसमें कोई भी बच्चा भर्ती नहीं हुआ है,इसी प्रकार रहली समुदायक स्वास्थ्य केंद्र में 20 विस्तार के ऑक्सीजन बेड तैयार किये जा रहे है,डॉ गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंत्री जी के निर्देश पर मौहार स्थित अस्पताल में तीसरी लहर के लिये तैयारियां शुरू की गई है,जिसमे 20 विस्तर से शुरूवात की जाएगी।

इसके लिए सबसे जरूरी ऑक्सीजन की सेंटर लाइन का इंतजाम किया जा रहा है जिसका काम अस्पताल के चयनित दो वार्डो में किया जा रहा है।

रविवार को एक्सपर्ड द्वारा डॉक्टर की देखरेख में किया जा रहा है। इसके अलावा तीसरी लहर के अनुसार इंतजाम किए जा रहे है और सम्भवतः यह भी प्रदेश में पहला तीसरी लहर के लिये अपडेट कोविड होगा।

# प्रधानमंत्री आवास ने बना दिया कर्जदार छत की किस्त ना आने से 600 परिवार बेघर

**अतुल्य भास्कर, पथरिया**



पथरिया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर घर पक्का हो हर एक परिवार के पास मकान हो जिस योजना के तहत पथरिया नगर पंचायत द्वारा गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास दिए गए थे जिसमें पहली किस्त दी गई थी जिसमें जमीन से आवास तैयार कर दीवार खड़ी करना थी लोगों द्वारा अपना कच्चा मकान मिटाकर उसी जगह नया आवास बनाया अब लोगों को छत की किस्त का इंतजार में 11 माह हो गए ऐसे लोग परेशान हो रहे हैं क्योंकि एक तरफ गरीब कुछ किराए के मकान में रह रहे हैं तो कुछ परिवार बरसादी डालकर रह रहे हैं लेकिन बरसात में कहां रहे लॉकडाउन में मजदूरी नहीं कर सके उधार लेकर समय काटा अब बरसात में कुछ लोगों ने रेत गिट्टी लेकर छत बनबा ली लेकिन किस्त न आने के कारण दुकानदारों की अब खरी खरी सुनना पड़ रही है।

उत्तम बंसल विजय बंसल टेक चंद बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास तो मिला लेकिन हम कर्जदार हो गए कच्चा मकान मिटा कर पक्का बनाने की चाह में कर्जदार कर दिया किराए के मकान में रह रहे हैं साथ ही झोपड़ी में 11 माह से समय काट रहे लेकिन बारिश के मौसम में कहां रहे लाकडाऊन में मजदूरी नहीं मिली कर्ज करते हुए समय काटा नगर पंचायत द्वारा अभी तक किस्त नहीं डाली हम लोग बहुत परेशान हैं।

पवन जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना तो बहुत अच्छी योजना है लेकिन समय से मिलने के कारण गरीब परेशान लगभग 1 साल से किराए के मकान में रह रहे हैं किराया चुका है या अपना परिवार का भरण पोषण करें।

बसोरी अहिरवार ने बताया की किस्त ना मिलने से बहुत परेशान है नगर पंचायत जाते हैं तो सीएमओ साहब नहीं मिलते और फोन लगाने पर फोन नहीं उठाते अगर कभी मिल भी जाते हैं तो चिल्लाते हुए बोलने लगते हैं कि क्या मैं अपनी जेब से पैसा दे दूं।

पथरिया नगर में लगभग 600 आवास के लोग परेशान हैं रुपेश पटेल ने बताया कि पहली किस्त में हम लोगों द्वारा दीवाल तक मकान तैयार कर लिया था सिलेप के इंतजार में दुकानदारों से उधार रेत गिट्टी सीमेंट लेकर सिलेप तो करवा लिया की किस्त पर पैसा दे देंगे लेकिन अब दुकानदार भी परेशान करने लगे हैं शीघ्र ही किस्त डाली जाए नहीं तो गरीब और गरीब होता जाएगा क्योंकि मजदूरी से कैसे कर चुका होगा

### इनका कहना है



सरकार के पास अभी पैसा नहीं है लॉकडाउन के कारण धंधे पानी चली नहीं टैक्स से ही सरकार की आमदनी होती है सब बंद रहा इसलिए किस्त नहीं डाली जा सकी मेरे पास तो नही है कि मै दे दू मेरे द्वारा भोपाल बात की गई थी लेकिन अभी पैसा नहीं है जैसे ही पैसा आ जाएगा लोगों के खाते में पहुंच जाएगाँ। **– प्रेम सिंह मुख्य नगर पंचायत अधिकारी पथरिया**

## संपादकीय

# जैन दर्शन का ग्रन्थ

यह ग्रन्थ जैन दर्शन का गागर में सागर हैं इसके साथ जैन समाज के सभी संघों का समावेश किय गया हैं इस ग्रन्थ में जैन दर्शन के सारभूत तत्वों का समावेश किया गया हैं .इस ग्रन्थ में जैन दर्शन का निचोड़ हैं

श्रमण सुत्तम संप्रदायों की शिक्षाओं को समेटने के लिए जैन धर्म के प्रत्येक प्रमुख संप्रदाय के प्रतिनिधियों की एक समिति द्वारा 1974 में बनाया गया धार्मिक पाठ है। आचार्य उमास्वती द्वारा तत्वार्थ सूत्र की रचना के बाद लगभग दो हजार वर्षों के अंतराल के बाद यह सभी जैन संप्रदायों द्वारा मान्यता प्राप्त पहला पाठ था। उमास्वती के समय, हालांकि कई आदेश मौजूद थे, कोई स्पष्ट सांप्रदायिक विभाजन नहीं था। हालांकि 20वीं शताब्दी तक जैन धर्म धीरे-धीरे कई संप्रदायों में विभाजित हो गया था। किसी के लिए इस समय एक पाठ संकलित करना, और उसके लिए सभी संप्रदायों द्वारा अनुमोदित होना एक असाधारण घटना थी।

क्षुल्लक जिनेंद्र वर्णी ने मूल प्राकृत (अर्धमागधी आदि) ग्रंथों से एक पुस्तक संकलित की, और विनोबा भावे द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप मुनि (अब आचार्य) विद्यानंदजी, मुनि (बाद में आचार्य) सुशील कुमारजी, मुनि जनकविजय, मुनि नाथमल (बाद में आचार्य महाप्रज्ञ), साथ ही ए.एन. उपाध्याय, दरबारी लाल कोठिया, अगरचंद नाहटा,अन्य ने अंतत- 12 दिसंबर 1974 को एक विधानसभा में इसे सभी ने मंजूरी दे दी।

समन सुत्तम के पाठ (इसका शीर्षक श्रमणों की बातों का जिक्र है) में मंगल सूत्र (शुभता पर), आत्म सूत्र (आत्मा पर), मोक्ष मार्ग सूत्र (मुक्ति के मार्ग पर) जैसे विषयों के साथ 44 अध्याय शामिल हैं, और विभाजित है चार खंडों में। इसके 756 श्लोक जैन शास्त्रों से संकलित हैं। जहां से, स्रोत के रूप में, पाठ्य सामग्री उसी उम्र से उत्पन्न होती है, जिस क्रम में यह समेकित होता है (अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी और इतालवी में वर्षों से मुद्रित

चाहे वह पारंपरिक ग्रंथों के स्थान पर संप्रदायों के बीच व्यापक रूप से वितरित और पढ़ाया गया हो (जो उस हद तक भिन्न होता है जिसे एक मौखिक परंपरा को खोया हुआ माना गया है या नहीं), जैन विद्वानों ने बनाए रखा है कि यह कार्य आवश्यक सिद्धांतों का प्रतीक है जैन धर्म और दर्शन, एक पाठ्यपुस्तक के रूप में व्यापक (हालांकि काम के एक निकाय के रूप में अपेक्षाकृत संक्षिप्त), समन सुत्तम (तत्वार्थ सूत्र की तरह) जैन धर्म के लिए सार्वभौमिक है, जो इसके अनुयायी साझा करते हैं।

# 2021 में सबका हो टीकाकरण तो कम से कम 2022 तो खुशनुमा होगा !

केंद्र सरकार का दावा है कि साल 2021 के दिसंबर तक देश के सभी 100 करोड़ नौजवानों को कोविड-19 की वैक्सीन मिल जाएगी. यानी सभी 100 करोड़ लोगों का पूरी तरह टीकाकरण करने के लिए 200 करोड़ वैक्सीन की ज़रूरत सरकार दिसंबर तक पूरा करने का दावा कर रही है। साथ ही भारत के वैक्सीनेशन कार्यक्रम की रफ्तार को लेकर पीएम नरेंद्र मोदीने एक ट्वीट किया है. अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा, भारत का टीकाकरण अभियान गति पकड़ रहा है, उन सभी को बधाई जो इसमें जुटे हैं. हमारी प्राथमिकता सभी के लिए वैक्सीन और सभी के लिए मुफ्त वैक्सीन को ले।यह कदम सराहनीय है कि केन्द्र सरकार ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हाल ही में कोरोना टीकाकरण का जो ब्यौरा रखा है उसके अनुसार इस वर्ष के अन्त तक 200 करोड़ वैक्सीन उपलब्ध हो जायेगी जिससे 18 वर्ष से ऊपर के सभी 94 करोड़ लोगों के टीका लग जायेगा। इससे यह स्पष्ट है कि वैक्सीन उत्पादन व इसकी उपलब्धता का पक्का खाका केन्द्र ने तैयार कर लिया है। इससे यह भी भ्रम साफ होना चाहिए कि भारत के पास वैक्सीन की कमी का कोई डर है। केन्द्र सरकार ने देश की सबसे बड़ी अदालत में वचन दिया है कि 31 जुलाई तक 51.6 करोड़ वैक्सीन उपलब्ध हो जायेंगी जबकि शेष साल के अन्त तक प्राप्त हो जायेगी। यदि सरकार वैक्सीनों की सप्लाई इस गति से प्राप्त करने में सफल हो जाती है तो कोई कारण नहीं है कि भारत के प्रत्येक वयस्क नागरिक का चालू वर्ष के भीतर-भीतर टीकाकरण न हो सके। सरकार ने एक शपथ पत्र दाखिल कर सर्वोच्च न्यायालय को यह वचन दिया है।

अभी तक 27 करोड़ के लगभग लोगों का टीकाकरण हो चुका है जिनमें से साढ़े पांच करोड़ को दो बार वैक्सीन लगी है। भारत की आबादी 139 करोड़ को देखते हुए ये आंकड़े कम लग सकते हैं मगर इसके साथ यह भी सत्य है कि सीमित वैक्सीन उत्पादन क्षमता को देखते हुए इन्हें कम करके भी नहीं आंका जा सकता। भारत सरकार ने अब टीकाकरण का जो खाका सर्वोच्च न्यायालय के सामने रखा है उसके अनुसार अगस्त से दिसम्बर तक 135 करोड़ वैक्सीन इनकी पांच उत्पादक कम्पनियों से प्राप्त की जायेगी। इनमें 50 करोड़ कोविशील्ड, 40 करोड़ कोवैक्सीन, 30 करोड़ बायो ई., 10 करोड़ स्पूतनिक व 5 करोड़ जायडस कैडिला होंगी।

इन आंकड़ों से तो लगता है कि भारत कोरोना की संभावित तीसरी लहर के आने से पहले अपने 75 प्रतिशत वयस्कों को वैक्सीन लगा देगा। वैज्ञानिकों का मत है कि अक्टूबर महीने में कोरोना की तीसरी लहर आ सकती है। दुनिया जानती है कि कोरोना का मुकाबला करने का एक ही तरीका है कि सभी नागरिकों को टीका लगाया जाये। बेशक यह कार्य हम और जल्दी तथा ज्यादा संजीदगी दिखाते हुए कर सकते थे, बशर्ते हमने वैक्सीन प्राप्त करने में देरी न की होती। मगर इसके साथ यह भी हमें समझना चाहिए कि कोरोना संक्रमण से दुनिया को छुटकारा दिलाने में भारत की महती भूमिका रही है। हमारा देश ही एक मात्र ऐसा देश है जहाँ कोविशील्ड वैक्सीन का उत्पादन सर्वाधिक हो रहा है और उसके बाद कोवैक्सीन का उत्पादन भी अब गति पकड़ रहा है। दुनिया के अन्य देशों में वैक्सीन उत्पादन की क्षमता बहुत कम है। कोरोना की दूसरी लहर का मुकाबला करने के लिए भारत से ही अधिकतम वैक्सीनों का निर्यात हुआ परन्तु यह भी सत्य है कि भारत ने मानवीयता के आधार पर दुनिया के अन्य देशों की मदद की। भारत के मुकाबले इन देशों की आबादी बहुत कम है अतः भारत की सदाशयता की वजह से मानव जाति का कल्याण हुआ। बेशक शुरू में भारत की वैक्सीन नीति में बहुत खामियां थीं जो सर्वोच्च न्यायालय



के हस्तक्षेप के बाद दुरुस्त हुई। मसलन 18 वर्ष से ऊपर 44 वर्ष तक के लोगों के वैक्सीन लगाने का जिम्मा राज्य सरकारों को दे दिया गया था और इसके लिए वैक्सीन खरीदने की जिम्मेदारी भी उन पर डाल दी गई थी, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने गैर तार्किक और बेहूदा करार दिया था।

इसके बाद ही केन्द्र सरकार ने सभी वयस्कों के मुफ्त टीका लगाने की घोषणा की और वैक्सीन की घरेलू उत्पादन वृद्धि व खरीद नीति को सरल बनाया। अब कोविशील्ड व कोवैक्सीन बनाने वाली कम्पनियों को अपनी उत्पादन क्षमता में विस्तार करने की छूट इस प्रकार दी गई है कि भारत को कम से कम वैक्सीन आयात करने की जरूरत पड़े। इसके बावजूद सरकार अन्य विदेशी वैक्सीन कम्पनियों से भी बात कर रही है जिससे जरूरत पड़ने पर उनकी वैक्सीनों का इस्तेमाल भी भारत में हो सके। भारत सरकार ने 25 प्रतिशत वैक्सीन खरीद का अधिकार निजी क्षेत्र के चिकित्सा तन्त्र को भी दिया है। हालांकि सरकार के इस फैसले की भी राजनैतिक क्षेत्रों में कड़ी आलोचना हुई है मगर भारत की आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए निजी क्षेत्र को इजाजत देने में कोई हर्ज भी नजर नहीं आता है। जिन लोगों की आर्थिक क्षमता कुछ धन खर्च करके वैक्सीन लगवाने की है उनके लिए यह सुविधा है, वैसे यह आवश्यक नहीं है, अगर धनाढ्य लोग भी सरकारी केन्द्रों पर मुफ्त वैक्सीन लगवाना चाहें तो उनका स्वागत है। यह समाजवादी नीति ही है, इसमें बहुत ज्यादा तर्क की गुंजाइश इसलिए नहीं बचती है क्योंकि आजादी के बाद यह देश हवाई जहाज में सफर करने वाले लोगों से मिट्टी का तेल प्रयोग करने वाली गरीब जनता को उसे सस्ती दर पर उपलब्ध कराने की कीमत वसूलता रहा है लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि सरकार ने कोरोना काल में फौज समेत सरकारी कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते व अन्य कुछ मदों में कटौती करके साढ़े 37 हजार करोड़ की प्रप्ति की और वैक्सीन लगाने के लिए बजट में 36 हजार करोड़ का प्रावधान किया तो जनता को क्या दिया?

लेकिन यह पिछले सौ साल का सबसे बड़ा संकट है इसलिए सरकार को कुछ मोहलत देनी होगी मगर इतनी भी नहीं कि लोगों के काम-धंधे चौपट हो जाने के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की सीधी वित्तीय मदद भी न मिले परन्तु फिलहाल प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा करना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और इसके लिए वैक्सीन ही अन्तिम औजार है।ये बड़ी चिंता की बात थी, क्योंकि नेचुरल के साथ टीकाजनित इम्युनिटी आने के लिए भी एक बड़ी आबादी को कम समय में टीका लगाने की दरकार होती है। इन तरीकों से जब हम संक्रमण की चेन तोड़ते हैं तभी हमारी आर्थिक गतिविधियां सुचारु रूप से चल पाती हैं। इसकी बड़ी वजह है कि तब हम लाकडाउन जैसे हथियार का सहारा लिए बिना ही संक्रमण की रफ्तार को थाम सकते हैं। लिहाजा हमें अपनी टीकाकरण नीति में सुधार की जरूरत महसूस हुई और हम कर भी रहे हैं । अतः वैक्सीन फर्स्ट। अब यह तो कहना ही प?गा कि 2021 में सबका हो टीकाकरण तो कम से कम 2022 तो खुशनुमा होगा ।

# लेपाक्षी मंदिर का झूलता हुआ खम्बा

यह छोटा सा गांव बहुत से प्राचीन अवशेषों और वास्तु शिल्प के आश्चर्यों का घर है। इनमें से एक है लेपाक्षी मंदिर का झूलता हुआ खम्बा। मंदिर के सत्तर खम्बों में से एक बिना किसी सहारे के लटकता है। आगंतुक इस खम्बे के नीचे से बहुत सारी वस्तुओं को डालकर तय करते हैं कि इस खम्बे को लेकर किए जा रहे दावे सच हैं या नहीं। जबकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खम्बे के नीचे से विभिन्न वस्तुओं को निकालने से लोगों के जीवन में सम्पन्नता आती है। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले का लेपाक्षी मंदिर हैंगिंग पिलर्स (हवा में झूलते पिलर्स) के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। इस मंदिर के 70 से ज्यादा पिलर बिना किसी सहारे के खड़े हैं और मंदिर को संभाले हुए हैं। मंदिर के ये अनोखे पिलर हर साल यहां आने वाले लाखों टूरिस्टों के लिए बड़ी मिस्ट्री हैं। मंदिर में आने वाले भक्तों का मानना है कि इन पिलर्स के नीचे से अपना कपड़ा निकालने से सुख-



समृद्धि मिलती है। अंग्रेजों ने इस रहस्य को जानने के लिए काफी कोशिश की, लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि मंदिर के बीचोबीच एक नृत्य मंडप है। इस मंडप पर कुल 70 पिलर यानी खंभे मौजूद हैं जिसमें से 69 खंभे वैसे ही हैं, जैसे होने चाहिए। मगर 1 खंभा दूसरों से एकदम अलग है, वो इसलिए क्योंकि ये खंभा हवा में है यानी इमारत की छत से जुड़ा है, लेकिन जमीन के कुछ सेंटीमीटर पहले ही खत्म हो गया। बदलते वक्त के साथ ये अजूबा एक मान्यता बन चुका है। ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान खंभे के इस पार से उस पार तक कोई कपड़ा ले जाए, तो उसकी मुराद पूरी हो जाती है।

**मंदिर कथा :** वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता यहां आए थे। सीता का अपहरण कर रावण अपने साथ लंका लेकर जा रहा था, तभी पक्षीराज जटायु ने रावण से युद्ध किया और घायल हो कर इसी स्थान पर गिरे थे। बाद में जब श्रीराम सीता की तलाश में यहां पहुंचे तो उन्होंने ले पाक्षी कहते हुए जटायु को अपने गले लगा लिया। ले पाक्षी एक तेलुगु शब्द है जिसका मतलब है उठो पक्षी। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक इस मंदिर को ऋषि अगस्त ने बनाया था। लेकिन इतिहासकारों अनुसार मंदिर को सन् 1583 में विजयनगर के राजा के लिए काम करने वाले दो भाईयों (विरुपन्ना और वीरन्ना) ने बनाया था। जो भी हो लेकिन मंदिर के रहस्य को जानने के लिए अंग्रेजों में इसे शिफ्ट करने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे थे।

# चिंतन मननः जीवन परमात्मा का अनमोल उपहार है

जीवन परमात्मा का अनमोल उपहार है। यह स्वयं ही इतना दिव्य, पवित्र और परिपूर्ण है कि संसार का कोई भी अभाव इसकी पूर्णता को खंडित करने में असमर्थ है। आवश्यकता यह है कि हम अपने मन की गहराई से अध्ययन कर उसे उत्कृष्टता की दिशा में उन्मुख करें। ईर्ष्या, द्वेष, लोभ एवं अहम के दोषों से मन को विकृत करने के बजाए अपनी जीवनशैली को बदल कर सेवा, सहकार, सौहार्द जैसे गुणों के सहारे मानसिक रोगों से बचा जा सकता है और मानसिक क्षमताओं को विकसित किया जा सकता है। इसीलिए कहा जाता है कि मनुष्य जीवन चार तरह की विशेषताएं लिए रहता है। किशोरावस्था में नई-नई बातों को जानने की जिज्ञासा होती ही है, इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। ऐसा ही एक लड़का था जो सदा नई बातों को



जानने के लिए लालायित रहता था। वह हमेशा लोगों से कुछ न कुछ पूछता और अपना ज्ञानवर्द्धन करता रहता था। वह जहाँ निवास करता था, वहीं उसके पास में एक मास्टर जी भी निवास करते थे। एक दिन वह मास्टर जी के पास पहुंचा और कहने लगा कि मैं एक कामयाब इंसान बनना चाहता हूँ। मास्टर जी कृप्या मुझे कामयाबी का रास्ता बताएं आखिर यह कैसा होता है और कैसे पाया जा सकता है। मास्टरजी ने मुस्कुराते हुए उससे कहा कि बेटा मैं तुम्हे कामयाबी का रास्ता जरुर बताऊंगा, लेकिन उससे पहले तुम जरा मेरी बकरी को सामने वाले खूंटे से बांध आओं। इतना कहते हुए उन्होंने बकरी की रस्सी लड़के के हाथ में पकड़ा दी। खास बात यह थी कि वह बकरी मास्टर जी के अलावा किसी के काबू में नहीं आती थी।

# पत्रकारों की सकारात्मक सोच से ही बच सकते है मूल्य

वडोदरा के पारुल विश्वविद्यालय व माउंट आबू के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से 28 व 29 जून को आयोजित कोरोना काल मे मूल्यपरक पत्रकारिता विषयक दो दिवसीय वेबनार में मीडिया में प्रभावित होती निष्पक्षता व दमतोड़ती सत्यता को लेकर चिंता प्रकट की गई लेकिन साथ ही सुझाव भी दिया गया कि यदि पत्रकारों को मूल्यनिष्ठ ,कर्तव्यनिष्ठ व चरित्रवान बनाने के लिए समय समय पर प्रशिक्षित किया जाए तो मीडिया जगत में सच परोसने वालो की संख्या बढ सकती है।पारुल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रमेश कुमार रावत के कुशल संचालन व ब्रह्माकुमारीज मीडियाविंग के मुख्यालय समन्वयक बीके शांतनु भाई के संयोजन में देशभर से चुनिंदा पत्रकारो,मीडिया प्राध्यापको व संस्थान प्रमुखों ने मीडिया की वर्तमान दशा,कोरोना काल का पत्रकारिता पर प्रभाव तथा कोरोना संकट से उभरने के लिए पत्रकारों की भूमिका पर खुलकर विचार व्यक्त किये।वेबनार के पहले दिन शुरुआत में ब्रह्माकुमारीज मीडियाविंग के चेयरपर्सन बीके करुणा भाई ने कहा कि कोरोना के संकट में मीडिया ने अपनी सार्थक जिम्मेदारी निभाई है और विचलित हुए बिना राष्ट्रीय व सामाजिक सरोकारों को आमजन के सामने लाने में मीडिया का अहम योगदान है।उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान पिछ्ले 25 वर्षो से पत्रकारिता को आध्यात्मिकता से जोड़कर देश विदेश के पत्रकारों को मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता के लिए प्रशिक्षित व प्रेरित करता रहा है।अपने मुख्य सम्बोधन में देश के जाने माने पत्रकार एन के सिंह ने वर्तमान दौर में मीडिया के माध्यम से परोसे जा रहे अर्द्ध सत्य की सारगर्भित विवेचना की और देश की अर्थव्यवस्था, चुनाव, राजनीति व मीडिया को दबाने की प्रवृत्ति को भी रेखांकित किया। ब्रह्माकुमार युग रत्न के आध्यात्मिक मधुर स्वागत गीत से शुरू हुई इस वेबनार मे मेजबान पारुल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ देवांशु जे पटेल ने मीडिया वेबनार विषय को आज की आवश्यकता बताया और माना कि यह वेबनार उनके विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी।इंदौर से वरिष्ठ प्रिंट मीडिया पत्रकार श्रवण गर्ग ने मीडिया की विभिन्न चुनोतियो को ओर ध्यानाकर्षण कराया और कोरोना काल मे मिडिया पर भी आए संकट को परिभाषित किया।उत्तराखंड से वरिष्ठ पत्रकार डॉ श्रीगोपाल नारसन ने कहा कि देश मे सच लिखने वाले अच्छे पत्रकारों की भी कमी नही है लेकिन अगर ब्रह्माकुमारीज जैसी संस्थाओं के माध्यम से पत्रकारों को समय समय व स्थान स्थान पर मिशनरी पत्रकारिता के लिए प्रशिक्षण दिया जाता रहा तो अर्द्ध सत्य परोसने वालो की संख्या घट सकती है और सत्य आधारित मूल्यपरक पत्रकारों की संख्या में आशातीत बढोतरी हो सकती है।ब्रह्माकुमारीज मीडियाविंग के नेशनल कोर्डिनेटर बीके सुशांत भाई ने युवा पत्रकारों में चरित्रनिर्माण पर जोर दिया और कहा कि देश और समाज को उन्नत करने के लिए मूल्यो को समझना व उनपर चलना जरूरी है।जामिया मिलिया के प्रोफेसर सुरेश वर्मा ने भी मीडिया में अपेक्षित सुधार के लिए ब्रह्माकुमारीज के द्वारा आयोजित की जाने वाली नेशनल मीडिया सेमिनारों की आज के दौर में आवश्यता बताई। जयपुर से पत्रकारिता के प्रोफेसर रहे संजीव भानावत ने माना कि मीडिया अच्छे काम भी बहुत कर रहा है और देश व समाज मे अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा है।राज्य सभा टीवी के अधिशासी निदेशक रहे राजेश बादल ने मीडिया के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मीडिया के महत्व को नकारा नही जा सकता और ब्रह्माकुमारीज के इस विषयक योगदान की सराहना की।वही कल्याण सिंह कोठरी ने भी स्वीकार किया कि पत्रकारों को निरन्तर मूल्याधारित पत्रकारिता का प्रशिक्षण देकर हालात बदले जा सकते है।ब्रह्माकुमारीज मिडियविंग मुख्यालय समन्वयक बीके शांतनु ने अपने भावपूर्ण उदबोधन में कोरोना काल मे पत्रकारों द्वारा की गई सामाजिक सेवा व सामाजिक मूल्यों को बचाये रखने के उनके योगदान को अनुकरणीय बताया।उन्होंने ब्रह्माकुमारीज द्वारा कोरोना के समय आठ सौ बेड की उपचार सुविधा उपलब्ध कराने व समय समय पर की गई अन्य सेवाओ का उल्लेख किया।उन्होंने वेबनार को बेहद सफल बताते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन की आवश्यकता बताई।वेबनार में राजयोगिनी बहन बीके नंदिनी,प्रोफेसर पुनिता हरने,प्रोफेसर एमएन पटेल ने माना कि हमे अच्छी सोच पैदा करनी होगी तभी हम मीडिया को अच्छा बना सकते है।

| मेष | वृष | मिथुन | कर्क |
|---|---|---|---|
| तनाव, उदर रोग, लाभ, राजभय, दाम्पत्य जीवन संतोषप्रद रहेगा, समय पर कार्य करें। | शत्रुभय, मांगलिक कार्य होंगे, विरोध से कार्य बाधा, मामले-मुकदमे में जीत की संभावना। | कुसंग से हानि, रोगभय, यात्रा, उद्योग-व्यापार की स्थिति लाभदायक रहेगी। | पराक्रम से कार्य सिद्धी, व्यापार लाभ, खेती व गृहकार्य में व्यय निश्चय होगा। |
| **सिंह** | **कन्या** | **तुला** | **वृश्चिक** |
| तनाव व क्लेश से बचें, विरोधी चिन्ता, उद्योग-व्यापार में लाभ मिलेगा। | भूमि लाभ, स्त्री सुख-शांति, हर्ष, उद्योग-व्यापार में सुधार निश्चय होवेगा। | प्रगति, वाहन भय, भूमि लाभ, कलह, खर्च हर्ष उद्योग व्यापार अवश्य होगा। | कार्य सिद्धी, विरोध, लाभ, हर्ष, उद्योग-व्यापार में लाभ होगा। |
| **धनु** | **मकर** | **कुंभ** | **मीन** |
| आरोप, क्लेश तथा अशांति से बचियेगा, भावपूर्ण वार्ता अवश्य ही बनेगी। | शुभ कार्य, वाहनादि रोग भय, नौकरी की स्थिति सामान्य बनी रहेगी ध्यान अवश्य दें। | अभीष्ट सिद्ध, राजभय कार्य तथा धार्मिक कार्य में विवाद अवश्य बनेगे। | राजभय के योग, अभीष्ट सिद्धी, व्यापार हानि, नौकरी में अनबन के योग बनेंगे। |

# विचार-मंथन : डेल्टा प्लस का खतरा

कोरोना विषाणु के नए रूप डेल्टा प्लस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। दो दिन पहले सरकार चेतावनी दे चुकी है कि तीसरी लहर हमारे हाथ में है। उसे हम रोक सकते हैं। मगर चिंता की बात यह है कि इस वैरिएंट के केस लगातार सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र, केरल और छह मध्य प्रदेश के बाद यह दूसरे राज्यों में जड़ें मजबूत कर रहा है। कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पंजाब और जम्मू में भी डेल्टा प्लस से संक्रमित मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। केंद्र सरकार ने राज्यों को परामर्श जारी किया है कि वे इस नए रूप वाले विषाणु के खतरे से निपटने को तैयार रहें। डेल्टा प्लस कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सरकार ने इसे चिंताजनक विषाणु की श्रेणी में रखा है। दूसरी लहर ने जिस तरह से तबाही मचाई, उससे सबक लेते हुए अब केंद्र और राज्यों को सतर्कता बरतना जरूरी है। विशेषज्ञ तीसरी लहर की चेतावनी दे ही रहे हैं। इसलिए इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता कि डेल्टा प्लस ही तीसरी लहर का कारण बन जाए। ब्रिटेन में तीसरी लहर का असर देखा जा रहा है। आस्ट्रेलिया की भी आधी से ज्यादा आबादी घरों में है। बांग्लादेश में 14 दिन का सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया है। हम इस परिस्थिति से दो-चार ना हों तो जरूरी है कि सरकार की सुनें और सिर्फ सुनें। वह जो कह रही है, जो करने के लिए बोल रही है, वह करते जाएं। न अफवाह में फंसे और न ही दिमाग लगाएं। अभी तक देखने में यही आया है कि डेल्टा प्लस संक्रमण भी उसी तरह से फैल रहा है जैसे कोरोना फैलना शुरू हुआ था। लोगों की बेरोकटोक आवाजाही से संक्रमण एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचा और तेजी से फैलता गया। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश आदि सभी राज्यों की सीमाएं एक दूसरे से लगी हैं। इसलिए अगर किसी भी राज्य से कोई संक्रमित दूसरी जगह पहुंच गया तो वह निश्चित तौर पर संक्रमण का वाहक होगा। वरना इन राज्यों में नए स्वरूप के मामले कैसे मिलते ! इसी डर के कारण गोवा ने महाराष्ट्र से लगने वाली सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है। मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र के बीच परिवहन को बंद रखा है। पिछली बार संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए राज्यों ने अपनी सीमाएं बंद कर ली थीं। भले अभी डेल्टा प्लस के मामले कम हैं, लेकिन जिस तरह राज्यों में विषाणु के इस नए रूप ने दस्तक दे दी है, वह चिंताजनक है। कहने को डेल्टा प्लस के मामले अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, जापान, पोलैंड, स्विटजरलैंड और नेपाल में भी मिले हैं। पर इनमें से किसी भी देश ने इसे चिंताजनक करार नहीं दिया है। लेकिन चिंता की बात तो है। कोरोना विषाणु अब तक हजारों तरह के रूप बदल चुका है। वैज्ञानिकों के लिए यह कोई कम बड़ी मुश्किल नहीं है। विषाणु के रूप बदलते रहने के कारण संक्रमितों की जांच से लेकर टीका विकसित करने तक में बाधाएं आती हैं। यह तय कर पाना भी आसान नहीं रह जाता कि कौनसा मरीज किस रूप के विषाणु से संक्रमित है और कौन सा टीका किस-किस रूप का तोड़ बन सकता है। अभी तक यही माना जा रहा है कि भारत में दूसरी लहर का कहर डेल्टा रूप वाले विषाणु ने ही बरपाया। इसी डेल्टा विषाणु ने अब डेल्टा प्लस का रूप धारण कर लिया। बहरहाल अब इससे डरने के बजाय इसे पिछली लापरवाहियों के सबक के रूप में लेने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद से उठाई मांग, खजुराहो के मंदिर में दर्शन पर न हो रोक

**छतरपुर।** खजुराहो लोकसभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बीते रोज मॉर्निंग वॉक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए खजुराहो की सुंदरता में चार चांद लगाने की बात कही। उन्होंने तालाबों के अतिक्रमण को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने जल स्त्रोतों को हर हाल में बचाना है तथा तालाबों को उसका मूल स्वरूप प्रदान करना है। मॉर्निंग वॉक के दौरान जिला महामंत्री अरविंद पटेरिया व सुधीर शर्मा से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि खजुराहो में जल्द ही केंद्रीय विद्यालय का संचालन प्रारंभ हो जाएगा उसकी कार्य योजना अंतिम चरण में है। इसके अलावा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के नए बन रहे प्रवेश द्वार, शिल्पग्राम व बंद पड़ी ट्रेन ,फ्लाइट व टूरिज्म ट्रेड को लेकर चर्चा हुई। मतंगेश्वर मंदिर में पूजा के दौरान पं. सुधीर शर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष से मांग की है कि मंदिर के अंदर से विशेष आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के एक्सपर्ट द्वारा सफाई कराई जाए जो कि विगत अनेक वर्षों से नहीं हुई है साथ ही मंदिर प्रांगण में जर्जर हो चुके दरवाजों को बदलवाया जाए। वहीं देवी जगदम्बा मंदिर, चौसठ योगिनी मंदिर और दूल्हादेव मंदिर में नियमित पूजा के लिए भक्तों को न रोका जाए।

### बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर दीपक सिंह की अध्यक्षता में अमृत गाइडलाइन अनुसार सागर विकास योजना 2035 प्रारूप तैयार किए जाने के संबंध में 5 जुलाई को अपराह्न 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है।

# सागर में राठौर परिवार से गहरा जुड़ाव रहा है उत्तराखंड के नए सीएम पुष्कर सिंह धामी का

## पुष्कर के पिता आर्मी में सागर में पदस्थ रहे ,उस दौरान केंद्रीय विद्यालय सागर में पढ़ाई हुई

**अतुल्य भास्कर, सागर**

उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सागर एवं प्रदेश से गहरा जुड़ाव रहा है उनकी स्कूली शिक्षा सागर केंद्रीय विद्यालय में हुई है पढ़ाई के दौरान वह राठौर परिवार से जुड़ आर एस एस की पृष्ठभूमि से जुड़े होने के कारण पुष्कर पूर्व मंत्री स्व हरनाम सिंह राठौर के घर जाते थे घर पर आने जाने के दौरान पुष्कर सिंह की दोस्ती हरवंश राठौर, कुलदीप राठौर से हो गई यह दोस्ती इतनी गहरी हुई कि पुष्कर के पिता का सागर से स्थानांतरण हो जाने के बाद भी उनका सागर में राठौर परिवार में आना होता रहा।



पूर्व विधायक हरवंश राठौर के साथ भोपाल में वह पार्टी के अनेक कार्यक्रमों में सहभागिता कर चुके है, धामी ने उत्तराखंड युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरवंश राठौर को अपने कार्यक्रमों में अतिथि के रूप में शामिल किया। वही पुष्कर के पहली बार चुनाव लड़ने के दौरान हरवंश राठौर उनके चुनाव प्रचार में भी साथ साथ रहे। उनके विधायक निर्वाचित होने के बाद हरवंश राठौर के यहां आना हुआ। हरवंश राठौर जब बंडा से विधायक चुने गए तो उन्होंने फोन पर बधाई दी। वही मुरैना सुमावली के पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार से भी पुष्कर धामी की गहरी दोस्ती रही। सत्यपाल सिकरवार और पुष्कर घूमने, सैर सपाटे के लिए एक साथ ही जाते थे सत्यपाल सिकरवार से पारिवारिक जुड़ाव इतना गहरा है कि उनके यहं पुष्कर का आना जाना अभी भी होता है।

दोनों विधायक रहते हुए एक दूसरे के घर आते जाते रहे, इसके अलावा सागर में संजीव दुबे से भी पुष्कर धामी का दोस्ताना संबंध रहा है, पुष्कर सिंह धामी के उत्तराखंड विधायक दल का नेता चुने जाने तथा मुख्यमंत्री बनने पर हरवंश राठौर ने उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि पुष्कर धामी के मुख्यमंत्री बनने से युवाओं को सेवा भावना के लिए राजनीति में आने की प्रेरणा मिलेगी।

# संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा को पीएचडी

**अतुल्य भास्कर, सागर**

मप्र में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता हेतु मानव संसाधन प्रबंधन की समस्याएं एवं समाधान एक अध्यन विषय पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मनीष वर्मा द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंध पर डॉक्टर ऑफ फिलासिपी की उपाधि प्रदान की है।

एनसीईआरटी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में पदस्थ प्राध्यापक डॉ अश्विनी गर्ग के निर्देशन में वर्मा द्वारा अपना शोध कार्य पूर्ण किया गया। वहीं बरकतउल्ला विवि के सतत शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ हेमंत खंडई के द्वारा उक्त शोध कार्य का मूल्यांकन आयोजित किया गया था. जिसमें राजा बलभद्र सिंह महाविद्यालय आगरा के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ बीबी सिंह ने विषय विशेषज्ञ के रूप में मूल्यांकन किया। वर्मा का कहना है कि प्रायः हम शिक्षा व्यवस्था की अपेक्षित सफलता के लिए शिक्षण विधियों, प्रविधियों, पाठ्यक्रमों, संसाधनों की कमियों इत्यादि के रूप में खोजते रहते है तथा इसमें नए-नए प्रयोग करते रहते है, किंतु इसके बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार परिलक्षित नहीं हो पाता है।

वर्मा का कहना है कि प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता के लिए उपलब्ध मानव संसाधन का बेहतर प्रबंधन अति आवश्यक है. शिक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित मानव संसाधन से संबंधित समस्याओं एवं उनके संभावित समाधान को जाने बिना उनका बेहतर प्रबंधन किया जाना संभव नहीं है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण वर्मा को पीएचडी की उपाधि मिलने पर उपसंचालक प्राचीश जैन, सहायक संचालक एमएस गौर, धीरेंद्र मिश्रा, जेपी सिन्हा, फ्लिप, आशुतोष गोस्वामी ने बधाई दी है। उपसंचालक जैन ने कहा कि संयुक्त संचालक द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंध नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में उपयोगी साबित होगा।

# आज 142 वैक्सीनेशन सेंटर पर लगाया जाएगा कोवीशील्ड का दूसरा डोज

## वैक्सीनेशन को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए किए जाएं प्रयासः कलेक्टर

**अतुल्य भास्कर, सागर**

कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही वैक्सीन को लगाने के लिए सोमवार को 142 वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीन लगाई जाएगी जिसको शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए समस्त आवश्यक प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक सिंह ने कोरोना वैक्सीन की समीक्षा बैठक में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि सोमवार को कोविसील्ड वैक्सीन का द्वितीय डोज लगाने वाले चिह्नित व्यक्तियों को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के लिए तमाम आवश्यक प्रयास किए जाएं जिसमें समस्त चिन्हित किए गए व्यक्तियों जिन की लगाने की समय सीमा है उनको पर्ची देकर आमंत्रित किया जाए और वेक्सीन लगाई जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए तमाम प्रयास करने होंगे जिससे शासन द्वारा प्रदान की गई वेक्ससीन को शत-प्रतिशत उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि वैक्सीन का किसी भी तरह से वेस्टीज नहीं होना चाहिए। गत दिवस बीना विकासखंड में अधिक बेस्टीज होने पर बीना विकासखंड मेडिकल अधिकारी को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सोमवार को शहरी क्षेत्र में 33, ग्रामीण क्षेत्र में 88 एवं नगर निगम क्षेत्र में 21 कुल 142 वैक्सीनेशन सेंटर तैयार किए गए हैं जिम में प्रातः 9:00 से वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ हुआ। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं टीकाकरण अधिकारी वैक्सीनेशन के दिन स्मार्ट सिटी के कमांड कंट्रोल सेंटर में बनाए गए कंट्रोल रूम में बैठकर मानिटरिंग करें और आवश्यक हो तो जहां वैक्सीन कम पड़ रही हो वहां वैक्सीन भेजने की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### 2600 से अधिक व्यक्तियों को लगाई गई वैक्सीन



कोवैक्सीन का द्वितीय डोज रविवार को वैक्सीनेशन सेंटर पर 2600 से अधिक व्यक्तियों को कोवैक्सीन के सत्र मैं वैक्सीन लगाई गई। प्रदेश शासन द्वारा विशेष वैक्सीनेशन महा अभियान के तहत जिसमें कोवैक्सीन का प्रथम डोज लगाने वाले समस्त व्यक्तियों जिनकी समयसीमा पूर्ण हो चुकी थी, उनको दूसरा डोज लगाया गया।

### आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज के परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं 08 से 10 जुलाई तक होंगी जमा

**सागर।** गवर्नमेंट आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत रेग्युलर छात्र छात्राओ की मुख्य परीक्षा शुरू हो गई है। इनकी उत्तर पुस्तिकाएं 08 से 10 जुलाई तक जमा होंगी। संबंधित परीक्षा के समस्त प्रश्नपत्र महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किए जा चुके हैं। गवर्नमेंट आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ जीएस रोहित के निर्देशन में संचालित इन परीक्षाओं में शामिल परीक्षार्थियों को कोविड महामारी के चलते ओपन बुक प्रणाली के अंतर्गत अपने उत्तर घर से लिख कर लाने की सुविधा दी गई है। इसके लिए परीक्षार्थी अपने प्रश्नपत्रों को छतरपुर विवि की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के बाद इन परीक्षार्थियों के लिए अपनी कॉपी जमा करने के लिए कोई अतिरिक्त मौका नहीं रहेगा। उन्होंने कोविड से बचाव के लिए 18 साल से ऊपर के सभी विद्यार्थियों को वेक्सीन भी अनिवार्य रूप लगवाने को निर्देशित किया है।

### बोहरा समाज के कब्रिस्तान में किया पौधरोपण



**अतुल्य भास्कर, सागर।** बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ आलिखदर मुफ़्फ़दर सैफुद्दीन साहब के आव्हान पर आज समाज के लोगो ने भोपाल रोड स्थित बोहरा समाज के कब्रिस्तान में पौधरोपण किया। बोहरा समाज के लोगो ने अपने 53 वें धर्मगुरु के सम्मान में 53 पौधे अंजुमन इज्जी कमेटी के माध्यम से लगाये। पौधरोपण करने वालो में अध्यक्ष मुल्ला मुर्तजा भाई अकोलावाला और समिति के सदस्य शामिल है।

# नर्स एसोसिएशन ने आज खून से लिखा पत्र



**अतुल्य भास्कर, छतरपुर।** अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहीं नर्स एसोसिएशन की नर्सें आज खून से लिखा मांग पत्र कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजेंगी नर्स एसोसिएशन की जिला प्रवक्ता वर्षा चतुवेर्दी ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुनीता धुर्वे के नेतृत्व में खून से लिखे जाने वाले इस मांग पत्र में उनकी 12 मांगें शामिल रहेंगी जिसे दोपहर 3 बजे कलेक्टर को सौंपा जाएगा। उन्होंने कोरोना प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर से यह भी मांग की है कि इस मांग पत्र को लेने कलेक्टर अपने प्रतिनिधि को हड़ताल स्थल पर भेजें।

# सरकार को नाकामी का आइना दिखाएंगेः नारायण प्रजापति

## कांग्रेस के संगठन प्रभारी ने ली कार्यकताओं की बैठक

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**



कांग्रेस के जिला संगठन प्रभारी और पूर्व विधायक नारायण प्रजापति रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर छतरपुर पहुंचे। उन्होंने जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों सहित कार्यकताओं की एक बैठक लेकर संगठन विस्तार और आगामी चुनाव के लिए रणनीति बनाई। इस मौके पर मीडिया से रूबरू होते हुए श्री प्रजापति ने कहा कि बूथ स्तर पर कांग्रेस के संगठन को मजबूत किया जाएगा। साथ ही पिछले लगभग 15 महीने में भाजपा की सरकार ने आम जनता को ठगने का जो काम किया है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज नमक से लेकर पेट्रोल तक महंगाई आसमान छू रही है। डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के दाम बढ़ाकर मोदी और शिवराज की सरकार आम जनता का शोषण कर रही है। प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान इलाज और ऑक्सीजन के अभाव में लाखों लोगों की मौत हुई और सरकार निर्दयी होकर मौत के आंकड़े छुपाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में माफिया बेरोकटोक होकर गुण्डागिर्दी कर रहे हैं। छतरपुर में भाजपा नेताओं के द्वारा सब इंजीनियर के साथ मारपीट के मामले पर भी उन्होंने आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता आम जनता तक पहुंचकर सरकार को उसकी नाकामी का चेहरा दिखाएगा। आगामी नगरीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन पटेल ने संगठन प्रभारी का स्वागत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

**ये रहे मौजूदः** बैठक में विधायक विक्रम सिंह नातीराजा, विधायक आलोक चतुर्वेदी, पूर्व प्रत्याशी रामसिया भारती, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनीस खान, गगन यादव, कैलाश कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी, आबिद सिद्दीकी, सिद्धार्थ शंकर बुंदेला, जिला महामंत्री लखन दुबे, सावन सिंह शीलू राजा, महाप्रसाद पटेल, चौबे चौधरी, पुष्पेन्द्र कुशवाहा, युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा, सूर्यप्रकाश पाठक, अशोक चौरसिया, नरेन्द्र दीक्षित, द्वारका सिंह, महिला नेत्री रमा चौहान, सपना चौरसिया, नाजिम चौधरी, संतोष तिवारी, कांग्रेस आईटी सेल के जिलाध्यक्ष दीपांशु यादव सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.)

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2021/05 **सूचना** सागर दिनांक 24/06/2021

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिए गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन –पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिका निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते है।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.नं./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 121/ 21-22 | लक्ष्मीपुरा वार्ड | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद, जगदीश प्रसाद तनय स्व. वृन्दावन गुप्ता | श्रीमति मीरा पत्नि स्व. रामेश्वर प्रसाद गुप्ता कुलदीप, आशीष, तनय स्व. रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, निर्मला पत्नि स्वं. जगदीश गुप्ता, स्वपनिल, पंकज, स्वाति, सारिका, पिता स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता |
| 122/ 21-22 | अम्बेडकर वार्ड | रजि. बैनामा खसरा बी-1 | श्री सुयश कुमार तनय डॉ. सुनील कुमार जैन | श्रीमति रूबी पत्नि मुकेश कुमार सोनी |
| 123/ 21-22 | अम्बेडकर वार्ड | रजि. बैनामा खसरा बी-1 | श्री संदीप तनय हरिनारायण घोषी | श्रीमति शालिनी पत्नि यशवंत सिंह ठाकुर |
| 124/ 21-22 | शिवाजी नगर वार्ड | रजि. बैनामा खसरा बी-1 | श्रीमति मीरा पत्नि लाला आर.एन. बरसैया | श्रीमति सुनीता पत्नि अजय सिंह चौहान |
| 125/ 21-22 | सुभाषनगर वार्ड | अनरजिस्टर्ड वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा बी-1, राजस्व आदेश | स्व. हरिहर प्रसाद तनय स्व. गनेश पटैल | श्री रामअवतार तनय स्व. हरिहर प्रसाद पटेल |
| 126/ 21-22 | भगवानगंज वार्ड | मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा बी-1, तहसीलदार आदेश, शपथ पत्र | श्री भागचंद तनय गोकलदास बासवानी सिन्धी | श्रीमति राजकुमारी पत्नि स्व. कैलाशचंद जैन |
| 127/ 21-22 | विठ्ठलनगर वार्ड | रजि. बैनामा शपथ पत्र | श्रीमति रानू पत्नि भागीरथ अहिरवार | श्रीमति सौरभ तनय भागीरथ अहिरवार |
| 128/ 21-22 | परकोटा वार्ड | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. श्री हरिकृष्ण तनय स्व. भगवानदास कौशकिया | श्री चैतन्य तनय स्व. हरिकृष्ण कौशकिया श्रीमति मधु पत्नि स्व. हरिकृष्ण कौशकिया |
| 129/ 21-22 | परकोटा वार्ड | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. श्री हरिकृष्ण तनय स्व. भगवानदास कौशकिया | श्री चैतन्य तनय स्व. हरिकृष्ण कौशकिया श्रीमति मधु पत्नि स्व. हरिकृष्ण कौशकिया |
| 130/ 21-22 | चकराघाट वार्ड | रजि. बैनामा शपथ पत्र | श्रीमति अनीषा पत्नि नीरज मोदी | श्रीमति नीलमणि पत्नि विनोद कुमार बड़ोनिया |

**आयुक्त, नगर पालिका निगम, सागर**


# भाजपा नेता दद्दा ललौनी सहित चार पर नामजद मुकदमा, एक दर्जन अन्य पर मारपीट के आरोप, सभी फरार

## सब इंजीनियर के साथ मारपीट के मामले में कांग्रेस ने उठाया गुण्डाराज का सवाल

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**



विगत रोज पीडब्ल्यूडी के 53 वर्षीय सब इंजीनियर रामाधीन यादव के साथ सांसद वीरेन्द्र कुमार के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता दद्दा ललौनी सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने ग्राम ललौनी में ही गंभीर मारपीट कर दी थी। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने दद्दा ललौनी, संजय परमार, बिट्टू परमार, कौशलेन्द्र परमार सहित एक दर्जन लोगों पर धारा 353 सहित मारपीट की अन्य धाराओं में मुकदमा कायम कर लिया है। हालांकि मारपीट के बाद से ही सभी आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर हैं।

सीएसपी लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि सब इंजीनियर के बयानों के आधार पर सभी आरोपियों पर मुकदमा कायम किया गया है। पुलिस उक्त आरोपियों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि विगत रोज जब सब इंजीनियर रामाधीन यादव ग्राम ललौनी में अपने विभाग के एसई प्रमोद श्रीवास्तव के घर के समीप बन रही सड़क का अवलोकन करने गए थे तभी दद्दा ललौनी ने अपने घर के पास सड़क डालने के लिए रामाधीन यादव के साथ गाली-गलौच कर दी थी। विवाद आगे बढ? पर उनके साथ लोहे की रॉड और लाठियों से एक दर्जन लोगों ने इतनी मारपीट की कि उनका एक पैर टूट गया। आरोपी सब इंजीनियर को मरणासन्न कर भाग गए थे। विभाग के ही लोगों ने ग्राम ललौनी पहुंचकर सब इंजीनियर को घायल अवस्था में बरामद किया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। इस मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन पटेल का बयान भी सामने आया है।

### भाजपा के गुण्डाराज के खिलाफ सड़क पर उतरेगी कांग्रेस



जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम ललोनी में एक पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर रामधीन यादव के साथ भाजपा नेताओं द्वारा की गई मारपीट को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष लखन पटेल ने शर्मनाक घटना बताते हुए इसकी निंदा की है। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सत्ता लौटते ही जिले में पुलिस के संरक्षण में भाजपा नेताओं का गुंडाराज एक बार फिर से बापिस लौट आया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता दद्दा ललोनी ने जिस तरह अपने गुंडों के साथ एक सरकारी अधिकारी को पीट कर उसके पैर तोड़ दिए इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में कानून व्यवस्था की क्या परिस्थिति निर्मित हो गई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह गुंडागर्दी सिर्फ छुटभैया नेताओं का दुस्साहस नही है बल्कि इनके पीछे मौजूद भाजपा के बड़े नेताओं और पुलिस का संरक्षण इसका जिममेदार है। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस इस घटना में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है ।यदि उनकी रिपोर्ट पर उचित कार्यवाही नही की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर एसपी ऑफिस का घेराव करेंगे।

## एक्ट्रेस मेहरीन पीरजादा ने भव्य बिश्नोई से तोड़ी सगाई, लॉकडाउन के दौरान हुआ था प्यार





बॉलीवुड में जितनी तेजी से रिश्ते बनते है, उससे कही ज्यादा जल्दी टूटते भी है। फिल्मी दुनिया में बनते-बिगड़ते रिश्तों का सिलसिला तो अब आम हो चुका है लेकिन जब फैंस ये खबरें सुनते हैं। तो वो दंग रह जाते हैं। अभी हाल ही में आमिर खान और किरण राव के अलगाव की खबर से लोग हैरान है। तो वहीं अब खबर है कि साउथ एक्ट्रेस मेहरीन पीरजादा ने कांग्रेस नेता भव्य बिश्नोई से अपनी सगाई तोड़ दी है। मेहरीन ने सगाई तोड़ने वाली बात अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए शेयर की है। मेहरीन ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने लिखा, 'भव्य और मैंने सगाई तोड़ ली है। हमने यह फैसला मिलकर लिया है।'

## क्योंकि सास भी कभी बहू थी' को हुए 21 साल, स्मृति ईरानी को ये वादा तोड़ने का है मलाल





स्मृति ईरानी ने एकता कपूर के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से घर-घर में लोकप्रियता हासिल की थी। तुलसी वीरानी के रूप में आठ सालों तक उन्होंने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इस शो में उनके साथ मिस्टर बजाज के रूप में रोनित रॉय नजर आए। हालांकि अब तुलसी वीरानी उर्फ स्मृति ईरानी परदे से दूर है और राजनीति में हैं, लेकिन स्मृति अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी पुरानी यादें ताजा करती रहती हैं। हाल ही में इस शो ने अपने 21 साल पूरे किए हैं, जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा की।स्मृति ईरानी का ये वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें कि आज भले ही स्मृति ईरानी बड़ी राजनेता बन गईं हों, लेकिन आज भी तुलसी की पहचान उनसे अलग नहीं हुई।

## काम के बदले नहीं मिले पैसेः 'मुझे 10 करोड़ देंगे फिर भी उनकी फिल्म नहीं करुंगा'

प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला अक्सर चर्चा में रहते हैं। उनपर कई बार कलाकारों को पेमेंट नहीं देने देने का आरोप लग चुका है। अभी हाल ही में अभिनेता स्नेहल डब्बी ने भी उनसे पेमेंट नहीं मिलने का खुलासा किया है। इससे पहले निर्देशक अनीस बज्मी ने वेलकम बैक की रिलीज के दौरान अपना बकाया पेमेंट नहीं चुकाने का आरोप लगाया था। एक इंटरव्यू के दौरान स्नेहल डब्बी ने कहा, 'फिरोज नाडियाडवाला मुझे 10 करोड़ देंगे फिर भी उनकी फिल्म नहीं करुंगा। वो वादा करके घूम जाते हैं।स्नेहल का कहना है, 'मुझे अभी तक भुगतान पैसे नहीं मिले हैं। फिरोज भाई बस इतना आश्वासन देते थे कि देता हूं पैसा। इसलिए, मेरा यहां से मोहभंग हो गया था और मैं सोच रहा था कि ये कैसी इंडस्ट्री है। उन्होंने आगे कहा, 'वेलकम की शूटिंग के लिए बुलाया जाता था, तब-तब हम दुबई जाया करते थे। और फिर इसके लिए पेमेंट नहीं किया जाता था।'स्नेहल डाब्बीस्नेहल ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जहां उन्हें उनका हक नहीं मिला। उन्होंने कहा, 'मैंने सोहम द्वारा निर्देशित शेर में काम किया था। मैंने फिल्म भी लिखी थी। हमने फिल्म के लिए 50 डिग्री टेम्प्रेचर में शूटिंग की। फिल्म का 85 फीसदी हिस्सा पूरा कर लिया है। अचानक, श्री अष्टविनायक सिने विजन प्रोडक्शन हाउस बंद हो गया। पैसे ही नहीं आए उस फिल्म के। सोचिए यह कैसा लगा होगा।'फिरोज नाडियाडवालाबता दें कि फिरोज नाडियाडवाला बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने पहचाने प्रोड्यूसर हैं। उन्होंने ह्यफिर हेराफेरीह्ल, ह्यवेलकमह्ल, ह्यफुल एन फाइनल, ह्यआवारा पागल दीवानाह्ल ह्यदीवाने हुए पागलह्ल, ह्यवेलकम बैकह्ल जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस किया है। जबकि स्नेहल को वेलकम (2007) में काखिल (मजनू के गुंडों में से एक), दीवाने हुए पागल (2005) में कुट्टी अन्ना, हेरा फेरी में अपने 'रापचिक माल' डायलॉग और लव के लिए कुछ भी करेगा (2001) में फनी आज कपूर के रोल लिए के लिए जाने जाते हैं।





## कार्तिक आर्यन की 'सत्यनारायण की कथा' का बदलेगा नाम, डायरेक्टर ने बताया क्या है कारण



कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म 'सत्यनारायण की कथा' है। कुछ दिनों से फिल्म के नाम को लेकर मध्यप्रदेश में काफी बवाल भी मचा हुआ था। अब फिल्म के निर्देशक समीर विद्वांस ने फिल्म के नाम को लेकर ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी किया है। समीर ने अपने पोस्ट में लिखा,'किसी भी समुदाय या संगठन के सेंटीमेंट आहत करने का कोई इरादा नहीं था, इसलिए हमने फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया है। फिल्म का नाम पहले हमने 'सत्यनारायण की कथा' रखी थी और यह जाने अनजाने में रखी गई थी। इससे किसी को आहत करने का कोई इरादा नहीं था।'समीर विद्वांस आगे लिखते हैं,'फिल्म के निमार्ता और क्रिएटिव टीम भी इस फैसले का पूरा समर्थन कर रहे हैं। हम जल्द ही फिल्म के नए नाम की घोषणा करेंगे।'फिल्म के बारे में बात करते हुए कार्तिक ने बताया था, 'मैं पिछले कुछ समय से साजिद सर के साथ काम करना चाहता था। अब इस फिल्म के जरिए मुझे सर के साथ काम करने का मौका मिला है। मुझे बेहद खुशी है कि मैं साजिद सर, शरीन और किशोर जैसे कलाकारों के विजन का हिस्सा हूं। 'सत्यनारायण की कथा' एक म्यूजिकल लव स्टोरी है। समीर विदवान सर के साथ मुझे पहली बार काम करने का मौका मिल रहा है।कार्तिक आगे कहते हैं, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं, लेकिन साथ ही इसे लेकर मेरी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस टीम में मैं अकेला सदस्य हूं जिसे नैशनल ऑवार्ड नहीं मिला है। फिल्म इस साल के आखिरी तक फ्लोर पर आ सकती है।' कार्तिक जल्द ही फिल्म 'धमाका' और 'भूल भुलैया 2' में दिखाई देंगे।



# शाहरुख खान ने आलिया भट्ट से मांगा काम, बोले- मुझे साइन कर लो

**टाइम से शूट पर आऊंगा', एक्ट्रेस का**

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' शूंटिग पूरी कर ली है. अब आलिया ने अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म 'डार्लिंग्स' पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसमें वो, विजय वर्मा और शेफाली शाह नजर आएंगे. इसे लेकर एक्ट्रेस ने एक ट्वीट किया, जिसपर बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान ने उनसे काम मांग लिया और कहा कि वो टाइम पर शूटिंग के लिए पहुंचेंगे. किंग खान के इस रिप्लाई पर आलिया ने भी दिल जीतने वाला जवाब दिया.दरअसल, आलिया भट्ट ने अपने ट्विटर पर लिखा, 'प्रोड्यूसर के तौर पर मेरी पहली फिल?म लेकिन मैं हमेशा एक एक्टर पहले रहूंगी. मुझे नहीं पता ये क्या है. जब भी नई फिल्म शुरू करती हूं मुझे एक रात पहले से नर्वस महसूस होने लगता है, एक अजीब सी एनर्जी पूरे शरीर में महसूस होती है, पूरी रात सपने आते हैं.. अपनी लाइन गड़बड़ करती हूं.. कूदने लगती हूं, लेट होने के डर से सेट पर 15 मिनट पहले ही पहुंच जाती हूं. उम्मीद करती हूं कि यह भावना कभी मेरे अंदर से न जाए और जानी भी नहीं चाहिए... क?योंकि नर्वस होना इस बात की निशानी है कि आपको सच में परवाह है.'एक्ट्रेस के इस ट्वी पर कई सारे रिएक्शन आए, लेकिन शाहरुख खान ने ऐसा रिप्ल किया जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया. किंग खा लिखते है, 'इस प्रोडक्शन के बाद प्लीज मुझे अपनी अगल होम प्रोडक्शन के लिए साइन कर लेना. मैं शूट के लि टाइम पर आऊंगा और पूरी तरह प्रोफेशन रहूंगा.'शाहरुख खान के इस ट्वीट पर आलिया ने दि जीतने वाला जवाब लिखा. वो लिखती है, 'हाहाहहा इससे ज्यादा और कुछ मांग ही नहीं सकती थी. डी डन, आपको साइन कर लिया. मेरे पसंदीदा को ढेर सा प्यार.' फैंस को दोनों की ये बातें काफी पसन्द आ र है.गौरतलब है कि आलिया भट्ट फिल्म गंगूबा काठियावाड़ी के अलावा ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाली हैं. इ फिल्म में रणबीर कपूर और अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिव निभा रहे हैं. वहीं, शाहरुख खान अपनी फिल्म पठान को लेकर च में हैं. इस फिल्म में वो बड़े बालों में नजर आने वाले है और उनका लु सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था।

## द फैमिली मैन 2' के बाद 'अरविंद' शरद केलकर को मिल रही मौत की धमकी





मनोज बाजपेयी और प्रियामणिकी केमिस्ट्री को 'द फैमिली मैन 2' में काफी पसंद किया गया। हालांकि, इस वेब शो में कपल की शादीशुदा लाइफ में तीसरे की एंट्री के कारण उतार-चढ़ाव देखे गए और वह तीसरा शख?स शरद केलकर यानी अरविंद थे। अरविंद को सुचिया/सुचि (प्रियामणि) के प्रति काफी लगाव होता है।शो के दौरान ऐसे संकेत मिलते रहते हैं कि सुचि ने अरविंद के साथ मिलकर श्रीकांत (मनोज बाजपेयी) को लोनावला में चीट किया। शो के तगड़े फैंस को यह काफी बुरा भी लग गया।अब एक हालिया इंट्रैक्शन में शरद ने बताया कि उन्हें नफरत भरे कई मेसेज मिल चुके हैं जिसमें जान से मारने की धमकी तक शामिल है। लोग कह रहे हैं कि अरविंद को श्रीकांत और सुचि से दूर रहना चाहिए।

## पत्नी रीना से तलाक के बाद आमिर खान का हो गया था बुरा हाल, सलमान ने यूं की मदद





आमिर खान और किरण राव के तलाक से सभी हैरान हैं। पहली पत्नी रीना दत्ता से तलाक लेने के 22 साल बाद ही आमिर और किरण भी एक-दूसरे से अलग हो गए। किसी ने सोचा भी नहीं था कि कभी ऐसा पल भी आएगा। जिस तरह सबको आमिर के दूसरे तलाक से झटका लगा है, ठीक वैसा ही झटका उनके पहले तलाक से लगा था।आमिर खान और रीना दत्ता ने 1986 में शादी की थी और शादी के16 साल बाद दोनों ने तलाक ले लिया था। तब उस तलाक से उबरने में सलमान खान ने आमिर की मदद की थी। इसका खुलासा खुद आमिर ने करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में किया था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित मिश्रा द्वारा बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 3, लिंक रोड नं. 3, नेशनल प्रेस एरिया, पत्रकार कॉलोनी के पास भोपाल (म.प्र.) से मुदित एवं मिश्रा भवन पुलिस चौकी के सामने शनीचरी सागर (म.प्र.) 470002 से प्रकाशित संपादक- अंकित मिश्रा, मो. 9111171095। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकारी सागर न्यायालय का रहेगा। आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन क्रमांक MPHIN/2017/75816

# दाऊद की 100 करोड़ की बहुमंज़िला इमारत लखनऊ में जमींदोज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की तरफ से अवैध निर्माण को लेकर एक्शन जारी है। प्रशासन ने रविवार को बसपा के पूर्व सांसद दाऊद अहमद की 100 करोड़ की लागत से बन रही बहुमंजिला इमारत को लखनऊ में गिरा दिया। यह निर्माण रिवर बैंक कॉलोनी में किया जा रहा था। बिल्डिंग को लेकर बताया गया है कि इसका निर्माण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नियमों को दरकिनार करके अवैध रूप से किया जा रहा था। इमारत के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर रही पोकलैंड इमारत के अचानक ढह जाने से मलबे में फंस गई। मलबे में ड्राइवर भी फंस गया था जिसे बाद में रेस्क्यू कर के निकाला गया। दाऊद को 12 अक्टूबर 2018 को ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका दाऊद की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया था। बाद में एक बार फिर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 24 जून 2021 को प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्ववीय अवशेष अधिनियम की सुसंगत नियम वो धाराओं के तहत दाऊद अहमद को नोटिस जारी की गयी थी। लेकिन उसके बाद भी पूर्व सांसद की तरफ से जिला प्रशासन को कोई जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद प्रशासन की तरफ से रविवार को कार्रवाई की गयी।

**भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नियमों को दरकिनार करके अवैध निर्माण कर रहा था बीएसपी का पूर्व सांसद**




### एलडीए को निर्माण की थी जानकारी

पूरे मामले को लेकर बताया जा रहा है कि एलडीए ने दाऊद अहमद को बिल्डिंग बनवाने की पूरी छूट दे रखी थी। दाऊद अहमद ने इसका नक्शा एकल आवासीय पास करवाया था लेकिन निर्माण बहुमंजिला करा लिया। पूरी बिर्लडिंग अवैध थी, लगातार तमाम शिकायतें होने के बावजूद एलडीए ने केवल कहने को बिल्डिंग सील कराई थी। लेकिन उसके तरफ से सख्ती से निर्माण नहीं रुकवाया गया था। बिना पुरातत्व विभाग की एनओसी के नक्शा पास करने को लेकर एलडीए पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण होगी पार्टी कार्यकर्ताओं की राय : प्रियंका



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव और पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को सबसे अधिक अहमियत देने का संकेत देते हुये रविवार को कहा कि हर स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका बेहद अहम है। प्रियंका ने प्रदेश पदाधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन और कार्यकताओं की राय सबसे महत्वपूर्ण होगी।
उन्होंने कहा मजबूत संगठन की दिशा में सतत प्रयास सफलता का महत्वपूर्ण बिंदु है। संगठन सृजन अभियान से बूथ का निर्माण दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है, जिस पर कांग्रेसजनों द्वारा लगातार सक्रिय होकर काम करने के अच्छे परिणाम आने लगे हैं। सबको रीढ़ बनकर संगठन को मजबूत करना है।
प्रियंका ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी से कराह रही जनता की आवाज बनें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल तथा रसोई गैस के दामों में लगातार हो रहे इजाफे के विरूद्व भाजपा सरकार के खिलाफ मुखरता के साथ आंदोलित रहे। पार्टी महासचिव ने कार्यकताओं से कहा, कांग्रेस जनता को कभी भी मझधार में नहीं छोड़ सकती। यह हमारी प्रेरणा का मूलमंत्र है। बढ़ती महंगाई ज्वलंत और बड़ा मुद्दा है। उस पर गम्भीरतापूर्वक रणनीति के साथ आंदोलन खड़ा करना है। देश अनेक प्रकार की त्रासदी के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। यह प्रशिक्षण शिविर कांग्रेसजनों के लिये महत्वपूर्ण साबित होगा।

## संसद के बाहर हर दिन करेंगे प्रदर्शनः संयुक्त किसान मोर्चा

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान संसद के सामने केंद्र के तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ रोज करीब 200 किसानों का एक समूह प्रदर्शन करेगा। कृषि कानूनों के विरोध में 40 से ज्यादा किसान संगठन, संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में पिछले कई महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं। एसकेएम ने बताया कि सत्र शुरू होने के दो दिन पहले सदन के अंदर कानूनों का विरोध करने के लिए सभी विपक्षी सांसदों को एक 'चेतावनी पत्र' दिया जाएगा।



किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा, "हम विपक्षी सांसदों से भी 17 जुलाई को सदन के अंदर हर दिन इस मुद्दे को उठाने के लिए कहेंगे, जबकि हम विरोध में बाहर बैठेंगे। हम उनसे कहेंगे कि संसद का बहिंगमन कर केंद्र को लाभ न पहुंचाएं। जब तक सरकार इस मुद्दे का समाधान नहीं करती तब तक सत्र को नहीं चलने दें।
संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। राजेवाल ने कहा, "जब तक वे हमारी मांगें नहीं सुनेंगे, हम संसद के बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन करेंगे।" उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान संगठन के पांच लोगों को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ले जाया जाएगा।
संयुक्त किसान मोर्चा ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ 8 जुलाई को देशव्यापी विरोध का भी आह्वान किया। मोर्चा ने लोगों से राज्य के और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाहर आने और अपने वाहन को वहां लगाने को कहा।
राजेवाल ने कहा, "आपके पास जो भी वाहन है, ट्रैक्टर, ट्रॉली, कार, स्कूटर, बस उसे निकटतम राज्य या राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाएं और वहां पार्क करें। लेकिन ट्रैफिक जाम न लगाएं।" उन्होंने विरोध में एलपीजी सिलेंडर लाने को भी कहा।

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम ने कोरोना वैरिएंट डेल्टा के प्रसार को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दुनिया कोविड-19 महामारी के एक बहुत ही खतरनाक दौर में है, जहां डेल्टा जैसे संस्करण जो विकसित और रूप बदल सकते है। कम टीकाकरण वाले देशों में अस्पतालों के अतिप्रवाह के भयानक मंजर एक बार फिर से आम होते जा रहे हैं।
टेड्रोस एडनॉम ने कहा कि नए वैरिएंट से बचने के लिए जनता का स्वास्थ्य और सामाजिक उपाय जैसे मजबूत निगरानी, रणनीतिक परीक्षण, प्रारंभिक मामले का पता लगाना, आइसोलेशन और नाजुक स्थितियों में क्लीनिकल देखभाल, मास्किंग, शारीरिक दूरी, भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने की जरूरत है। उन्होंने दुनिया भर के नेताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया है कि अगले साल इस समय तक हर देश में 70 प्रतिशत लोगों को टीका लगाया जा सके।
उन्होंने कहा कि हमने सभी नेताओं से आग्रह किया है कि, इस सितंबर के अंत तक देश में कम से कम 10 प्रतिशत लोगों को टीका लगाया जाए।
टेड्रोस एडनॉम ने आगे कहा कि विशेष रूप से मैं उन कंपनियों - बायोएनटेक, फाइजर और मॉडर्न- से आग्रह करता हूं कि वे अपने ज्ञान को साझा करें, ताकि हम कोरोना टीके का उत्पादन को बढ़ा सकें। जितनी जल्दी हम अधिक वैक्सीन बनाना शुरू करते हैं और वैश्विक वैक्सीन क्षमता को बढ़ाते हैं, उतनी ही जल्दी हम इस महामारी को कम कर सकते हैं। कोविड-19 वीकली एपिडेमियोलॉजिकल अपडेट में कहा गया है कि 29 जून, 2021 तक 96 देशों ने डेल्टा वेरिएंट के मामलों की सूचना दी है। हालांकि यह संभावित रूप से कम है, वेरिएंट की पहचान करने के लिए आवश्यक अनुक्रमण क्षमता सीमित है।

## कोवैक्सिन की डील में फंसे ब्राजील के राष्ट्रपति के खिलाफ जांच की अनुमति

रियो डि जेनेरो। भारतीय कंपनी भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन कोवैक्सिन की डील संबंधी मामले फंसे ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के खिलाफ अब जांच हो सकेगी। ब्राजील की शीर्ष अदालत के जस्टिस रोसा वीबर ने शुक्रवार को इसकी मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने टॉप प्रॉसीक्यूटर ऑफिस को इस जांच की अनुमति दी है।
कोरोना वायरस टीकों की खरीद से जुड़े समझौते में संभावित भ्रष्टाचार की खबरों पर ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के आंखे मूंद लेने के आरोपों ने उनके शासन पर खतरा बढ़ा दिया है। इन खतरों में उनपर आपराधिक आरोप लगाए जाने की अनुशंसा भी शामिल है। इन आरोपों ने विपक्ष के महाभियोग अभियान को गति दे दी है और कांग्रेस में ब्राजीली नेता के सहयोगियों को उनके समर्थन की क्या कीमत चुकानी पड़ सकती है, यह सोचने पर मजबूर कर दिया है।



बोलसोनारो हाल के कुछ हफ्तों में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के निशाने पर रहे हैं। उन्होंने सीनेट की समिति द्वारा सरकार की कोविड-19 प्रतिक्रिया की जांच करने को राष्ट्रीय शर्मिंदगी बताया है जिसका मकसद उनके प्रशासन को कमतर बताना है। दो महीनों से राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित सुनवाई मुख्य तौर पर इस बात पर केंद्रित थीं कि उनके स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीकों को खरीदने के अवसरों को नजरअंदाज क्यों किया जबकि बोलसोनारो ने मलेरिया की दवा, हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन की लगातार हिमायत की है जिसे कई अध्ययनों में कोविड-19 के इलाज में बेअसर बताया गया है।
स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि उन्हें भारतीय फार्मास्यूटिकल ह्यभारत बायोटेकह्व के कोवैक्सीन टीके के आयात को मंजूरी देने के लिए दबाव का सामना करना पड़ा और इनवॉयस (बिलों) में- खासकर सिंगापुर स्थित कंपनी को किए गए 4।5 करोड़ डॉलर के अग्रिम भुगतान में अनियमितताएं थीं।
मार्च में, दोनों भाइयों ने अपनी चिंताएं बोलसोनारो के साथ साझा कीं और उनके मुाबिक राष्ट्रपति ने मामले को संघीय पुलिस को भेजने का वादा किया था और उन्होंने बोलसोनारो के शीर्ष सहयोगी, कांग्रेस के निचले सदन में सरकार के एक नेता की संलिप्तता का जिक्र किया था। जांच की जानकारी रखने वाले संघीय पुलिस के एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि संघीय पुलिस को न तो बोलसोनारो से न ही उनके स्वास्थ्य मंत्रालय से जांच का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ।

## तेलियामुरा में जंगल से बरामद हुआ नाबालिग का शव



अगरतला। त्रिपुरा राज्य को झकझोर देने वाले भीषण खोवाई मॉब लिंचिंग मामले के 13 दिन बाद, राज्य के खोवाई जिले के तेलियामुरा के जंगलों से तीन पीड़ितों के साथ एक नाबालिग का शव बरामद किया गया है। मृतक 16 वर्षीय लड़के की पहचान सोनमुरा के बारदोवाल इलाके के रहने वाले सलीम मिया उर्फ हृदयोय के रूप में हुई है। मॉब लिंचिंग के एक आरोपी ने पुलिस को दिए अपने बयान में इसका जिक्र करने के बाद सलीम मिया का शव बरामद कर लिया। इस बीच, सलीम मिया के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए तेलियामुरा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक नाबालिग सलीम मिया का शव जंगल के अंदर गहरे में दबा हुआ था। वहीं, इस मामले में मरने वालों की संख्या चार हो गई है। सलीम 20 जून को मॉब लिंचिंग के तीन पीड़ितों बिलाल मिया (30), जायद हुसैन (28) और सैफुल इस्लाम (18) के साथ थे, जब उन पर हमला किया गया था। इन चारों लोगों को 20 जून को केवल पशु चोर होने के संदेह में एक अनियंत्रित भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला था।

## कनाडा ने 5 जुलाई से प्रवेश प्रतिबंधों में दी ढील

**कनाडा।** देश में प्रवेश करने वालों पर प्रतिबंधों में ढील देने का फैसला किया है। यात्रा छूट केवल नागरिकों और स्थायी निवासियों जैसे यात्रियों की कुछ श्रेणियों पर लागू होगी। सरकार द्वारा अनुमोदित होटल में तीन दिनों के लिए आइसोलेशन शब्द आगमन पर एक कोविड -19 परीक्षण के परिणाम आने के बाद लागू होगा। इसे पूरी तरह से टीका लगाए गए व्यक्तियों के लिए छोड़ दिया जाएगा, लेकिन केवल हेल्थ कनाडा द्वारा अनुमोदित जैब्स के लिए। नया मानदंड सोमवार को दोपहर 12.01 बजे (कनाडा समय) से लागू होगा। स्वास्थ्य कनाडा और कनाडा की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी ने ट्विटर पर घोषणा की, लिखा "पूरी तरह से टीका लगाए गए यात्रियों को कनाडा में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है, उन्हें संघीय संगरोध से छूट दी जा सकती है और 5 जुलाई से दिन 8 के परीक्षण से छूट दी जा सकती है। केवल कनाडा सरकार द्वारा अनुमोदित टीके ही स्वीकार किए जाएंगे। कनाडाई सीमा सेवा एजेंसी ने कहा कि भारत से सीधी उड़ानें 21 जुलाई तक प्रतिबंधित हैं, जो अनिवार्य रूप से कनेक्टिंग फ्लाइट ले रहे हैं, उन्हें कनाडा के प्रस्थान के अंतिम बिंदु पर लिए गए एक वैध परीक्षण का नकारात्मक परिणाम प्रदान करना होगा। हेल्थ कनाडा टीकाकरण ने जेनेका/कोविशील्ड, और जॉनसन एंड जॉनसन टीकों जैसे टीकों को मंजूरी दे दी है।

## पाक में कानून के बावजूद फंसे हजारों बंधुआ मजदूर

इस्लामाबाद। कई अफ्रीकी व गरीब देशों की तरह पाकिस्तान में हजारों लोग बंधुआ मजदूरी प्रणाली के तहत फंसे हुए हैं। इस बात का खुलासा एक शोध में हुआ है। हरि वेलफेयर एसोसिएशन (ल्हअ) के शोधकर्ता खसखेली के अनुसार पाकिस्तान सरकार प्रभावशाली जमींदारों द्वारा बंधुआ मजदूरी में फंसे व्यक्तियों और परिवारों को रिहा करने वाले अधिनियम को लागू करने में विफल रही है। बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 2015 के बावजूद मजदूरों को अपना कर्ज चुकाने के लिए पूरी तरह या आंशिक रूप से बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। HWA के शोध के अनुसार अधिकांश मामले 2020 में देखे गए। शोध के निष्कर्षों के हवाले से खसखेली ने बताया कि 2019 में 1700 मामलों की तुलना में अकेले 2020 में 3000 से अधिक बंधुआ मजदूर के मामले दर्ज किए गए हैं।" इसके अलावा, स्थिति की गंभीरता को समझाते हुए पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर एजुकेशन एंड रिसर्च के साथ काम करने वाले किसान अधिकार कार्यकर्ता शुजाउद्दीन कुरैशी ने खुलासा किया कि देश में बंधुआ मजदूरी का एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया और न ही इस प्रथा में शामिल किसी भी जमींदार को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के सिंध विधानसभा में बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम पारित हुए पांच साल हो चुके हैं, लेकिन इसे अभी भी हर जगह लागू नहीं किया गया है।



## कोरोना के बाद दिल्ली में सैकड़ों होटल-गैस्ट हाउस पर ताला



नई दिल्ली। दिल्ली होटल एंड रेस्टोरेंट ऑनर एसोसिएशन के महासचिव महेंद्र गुप्ता ने बताया कि कोरोना महामारी का सबसे ज्यादा असर इस क्षेत्र पर पड़ा है। राजधानी के करीब 1600 बजट होटल या गैस्ट हाउसेज में से करीब 40 फीसदी अभी बंद पड़े हैं। जबकि कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान करीब 20 फीसदी बजट होटल पूरी तरह बंद किए जा चुके हैं।
गुप्ता कहते हैं कि कोरोना की पहली लहर के बाद कुछ समय के लिए होटलों को खोलने की अनुमति दी गई थी लेकिन कोरोना के डर के कारण बहुत कम संख्या में लोग इन होटलों या गैस्ट हाउसेज में ठहरने के लिए आए। इतना ही नहीं दूसरी लहर के बाद अब माहौल और भी खराब है। साथ ही कोरोना की तीसरी लहर की भी आशंका जताई जा रही है। यही वजह है कि करीब 300-400 होटल मालिकों पूरी तरह इस काम को बंद कर दिया है।महेंद्र कहते हैं कि पहाड़गंज, नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली सहित कई इलाकों में बजट होटल बड़ी संख्या में हैं। यही वजह है कि यहां आसपास के बाजारों में भी बहुत भीड़ रहती है लेकिन इनके बंद रहने से यहां के लोकल बाजारों पर भी काफी असर पड़ा है।

**भारत में साल 2020 में आई कोरोना की पहली लहर के बाद 2021 में आई दूसरी लहर ने होटल इंडस्ट्री की कमर तोड़ दी है। पिछले एक साल से लगभग बंद रहने के कारण दिल्ली के सैकड़ों बजट होटल रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउसेज पर ताला लग गया है।**

## तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला, अब तक छह गिरफ्तार



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के दो कार्यकताओं पर उपद्रवियों ने हमला किया और शहर के उत्तर में बाहरी इलाके में स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर हवा में गोली चलाई, जिससे इलाके में भय का माहौल पैदा हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि इस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया, " शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे कम से कम 10 से 12 लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर उत्तर 24 परगना में तृणमूल कांग्रेस के देशप्रियनगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय आए और वहां रखे फर्नीचरों में तोड़फोड़ की और दो कार्यकताओं को रिवाल्वर के हत्थे से मारने से पहले खींच कर कार्यालय से बाहर ले आए।" उन्होंने बताया कि इसके बाद उपद्रवियों ने हवा में गोली चलाई और दोनों घायलों को सड़क पर छोड़ मौके से फरार हो गए।
अधिकारी के मुताबिक, इस घटना से स्थानीय लोग डरे हुए हैं। इस घटना को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने हमले के लिए भाजपा कार्यकताओं को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि भगवा पार्टी ने इन आरोपों से इनकार किया है। दिन में घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे स्थानीय विधायक मदन मित्रा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, "भाजपा चुनाव में हारने के बाद तृणमूल कार्यकताओं को भयभीत करने की कोशिश कर रही है।

# बारिश 5 दिन के अवकाश पर, रूठा मानसून

भोपाल। मध्य प्रदेश से फिलहाल मानसून रूठ गया है। पूरे प्रदेश में गर्मी से लोग परेशान हैं। उमस ने हालत खराब कर रखी है। ये दूसरा साल है जब जुलाई में ऐसी गर्मी पड़ रही है। मानसून की इस सुस्त चाल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि बारिश न होने से पिछले 5 दिनों से तापमान बढ़ गया है। सबसे गर्म ग्वालियर है। यहां तापमान 40.4 डिग्री दर्ज किया गया।



गौरतलब है कि पिछले साल जुलाई में सिर्फ 7 दिन ही ठीक-ठाक बारिश हुई थी, जिनमें से सिर्फ 2 दिन ही तेज बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि 10 जुलाई से बारिश होने की संभावना है। सिस्टम के सक्रिय होने से बारिश का अनुमान है। बंगाल की खाड़ी और सटे इलाकों में हफ्ते भर बाद कम दबाव का क्षेत्र बनने की उम्मीद है। कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद मध्य प्रदेश में एक बार फिर से सिस्टम सक्रिय होगा। सिस्टम के सक्रिय होने के साथ तेज बारिश की संभावना है।

## उमस और गर्मी ने किया बेहाल

प्रदेश में ग्वालियर सबसे ज्यादा तप रहा है। ग्वालियर में तापमान 40.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। नरसिंहपुर में 39 डिग्री, नौगांव में 38 डिग्री, रायसेन में 37 डिग्री, राजगढ़ में 37 डिग्री, खंडवा में 37.1 डिग्री, गुना में 37.6 डिग्री, खजुराहो में 37 डिग्री, खरगोन में 36.8 डिग्री, पचमढ़ी में 30.5 डिग्री, राजगढ़ में 30 डिग्री, सागर में 36.7 डिग्री, सतना में 36 डिग्री, सीधी में 36.4 डिग्री, इंदौर में 24 डिग्री, भोपाल में 35.7 डिग्री और जबलपुर 35.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

## बढ़ गई किसानों की चिंता

मध्य प्रदेश में 3 जुलाई तक सामान्य से 16 फीसदी ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। 15 जिले अभी भी ऐसे हैं जहां अभी भी सामान्य से कम बारिश हुई है। मानसून की सुस्त चाल और बारिश के थमने के साथ ही किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई हैं। किसानों ने मानसून के दस्तक देने के साथ ही फसलों की बोनी की थी। बारिश न होने से किसान फसलों की सिंचाई को लेकर परेशान है। खरीफ की फसल पर बारिश ना होने से किसानों की बेचैनी लगातार बढ़ रही है।

**मैदानी एवं पर्वतीय इलाकों में लू का असर कम** -उत्तर भारत के मैदानी एवं पर्वतीय इलाकों में लू का असर कम हो गया है और आगामी पांच दिन लू चलने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि आगामी पांच दिन तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। आईएमडी ने एक-दो जुलाई को लू चलने का अलर्ट जारी किया था। उसने कहा, 'जैसी संभावना जताई गई थी, उत्तर पश्चिमी भारत के मैदानों से लू का असर कम हो गया है और कल (शुक्रवार को) हरियाणा में कहीं-कहीं लू का असर देखा गया।' पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आसपास के हिस्सों में शुक्रवार को व्यापक रूप से बारिश हुई, जिससे लू की स्थिति से राहत मिली।

## महत्वपूर्ण ख़बरें

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने आत्महत्या की

ग्वालियर। कुम्हरपुरा(थाटीपुर) में शनिवार को फिरोज खान ने आत्महत्या करने के इरादे से जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की देर रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर थाटीपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस युवक के आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। शनिवार की रात को ही सुभाष नगर में भी रशीद खान फांसी पर लटका मिला है। आशंका जताई जा रही है कि युवक ने आत्हत्या की है। कुम्हरपुरा निवासी फिरोज(40 वर्ष) पुत्र फारूख खान चाय का होटल है। फिरोज ने प्रेम विवाह किया है। शनिवार की दोपहर को अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। घरवाले उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए। चेकअप के बाद पता चला कि फिरोज ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। देर रात को युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर युवक के शव को डेड हाउस पहुंचा दिया। रविवार को युवक के शव का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया। थाटीपुर थाना पुलिस युवक के आत्महत्या करने का कारण पता लगाने के लिए जांच कर रही है। जबकि घरवालों का आरोप है कि इलाज के दौरान बरती गई लापरवाही से मौत हुई है।

### कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी, युवक की मौत

ग्वालियर। घाटीगांव हाइवे पर बसे रेहट गांव के पास शनिवार की सुबह बाइक पर बैठे अवतार सिंह को अनियंत्रित कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने कार को मौके से जब्त कर लिया है। घाटीगांव थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। अपने एक साथी के साथ बाइक से रेहट गांव किसी काम से जा रहा था। गांव से कुछ ही दूरी पर साथी ने टायलेट जाने के लिए बाइक को रूकवा दिया। अवतार सिंह बाइक पर बैठा था, और उसका साथी झाड़ियों में टायलेट करने के लिए चला गया। इसी बीच एक कार तेज गति से आई और बाइक में टक्कर मार दी। गाड़ी पर बैठा अवतार सिंह सड़क पर उछलकर गिरा। जिससे सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। कार भी बाइक में उलझकर फंस गई। चालक मौके पर कार छोड़कर भाग गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। देर रात को इलाज के दौरान युवक की अस्पताल में मौत हो गई। घाटीगांव थाना पुलिस ने रविवार की सुबह युवक के शव का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया। घाटीगांव थाना प्रभारी आदित्य शुक्ला ने बताया कि कार को जब्त कर लिया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

### जिद पर अड़े लोगों को काबू में कर तोड़े 10 मकान

उज्जैन। बेगमबाग में शासकीय जमीन पर तने 10 और मकान शनिवार को प्रशासन ने ढहा दिए। कार्रवाई रोकने को प्रभावित परिवार ने विरोध किया। कई लोग जिद पर अड़े, पर प्रशासन ने सबको काबू में कर कार्रवाई को अंजाम दे दिया। एडीएम नरेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि चिन्हित 147 में से 123 मकान के मालिक, मकान छोड़ने के एवज में उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी से तीन-तीन लाख रुपये लेकर अन्यत्र बस गए हैं। 24 मकान के मालिक भी शनिवार को रुपये लेकर अन्यत्र बसने को राजी हो गए हैं। केवल 6 मकान टूटना बाकी है, जो रविवार सुबह तोड़ दिए जाएंगे। मालूम हो कि उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी, बेगमबाग बस्ती के 147 मकानों को हटाकर वहां महाकाल मंदिर परिसर के विस्तार एवं विकास की परियोजना अंतर्गत प्रशासनिक भवन, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए डाकिंग स्टेशन, महाकाल थाना और वाहन पार्किंग स्टैंड बनाएगी। इसके लिए पिछले सप्ताह कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी प्रभावित मकान मालिकों से कहलवाया था कि वे कंपनी से तीन लाख रुपये लें और बदले में मकान खाली कर अन्यत्र बस जाएं। राशि बैंक खाते में जमा होगी, इसलिए सभी अपनी बैंक पासबुक की प्रतिलिपि एवं अन्य दस्तावेज स्मार्ट सिटी कंपनी के कार्यालय में जमा कराएं। जो दस्तावेज नहीं देंगे, उनकी अनुग्रह राशि लैप्स मानी जाएगी।

### पत्नी के प्रेमी की चाकू मारकर हत्या, आरोपित पति भी घायल

रतलाम। रतलाम के माणकचौक थाना क्षेत्र के करमदी रोड स्थितब आदिनाथ कालोनी में आधी रात को एक व्यक्ति और उसकी पत्नी के प्रेमी के बीच विवाद हुआ, जिसने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों के बीच मारपीट हुई और पति ने चाकू मारकर पत्नी के प्रेमी की हत्या कर दी गई। घटना में आरोपित पति भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाके लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस के अनुसार घायल 45 वर्षीय शैलेंद्रसिंह चौहान पुत्र रामसिंह चौहान निवासी आदिनाथ कालोनी की पत्नी तथा 30 वर्षीय जितेंद्र खत्री पुत्र राजेन्द्र खत्री (पंजाबी) निवासी इंद्रलोक नगर के बीच करीब तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मकान शैलेन्द्र की पत्नी यागिनी के नाम है। पिछले रविवार उनके बीच बातचीत हुई थी कि रजिस्ट्री शैलेन्द्र के नाम कर दें।

**लोगों ने कहा- तुम डायन हो**

# पंचायत ने बंद किया हुक्का-पानी

गुना। मध्य प्रदेश के गुना जिले से अजीबोगरीब खबर आ रही है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के क्षेत्र में लोगों ने एक महिला को डायन बताकर उसका बहिष्कार कर दिया है। अब इसके परिवार से न कोई संबंध रखेगा और न ही किसी तरह का मदद करेगा। समाज की पंचायत ने उसका हुक्का-पानी बंद कर दिया है। मामला राघोगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव कनकटा का है।



जानकारी के मुताबिक, फतेहसिंह (पुत्र भगत जी बंजारा उम्र 45 वर्ष), उसकी पत्नी बस्तीबाई और भाई गुड्डा बंजारा थाने गए और कुछ लोगों को शिकायत की। फतेहसिंह ने पुलिस ने को बताया कि 1 जुलाई को शाम 4.30 बजे मैं पत्नी के साथ कनकटा स्थित खेत पर बने अपने टयूबवैल की मोटर को सुधरवा रहा था। इस बीच गांव का रूप सिंह (पुत्र शंभू बंजारा) अपने भाई प्रकाश के साथ अचानक मेरे सामने आए और मुझे व पत्नी को गालियां देने लगे।

## लाठी दिखाकर धमकाया

फतेहसिंह ने बताया, 'आरोपी कहने लगे कि तुम्हारी पत्नी डायन है। इस वजह से मेरे भाई फूल सिंह की तबीयत खराब रहती है। ये अच्छा नहीं हो रहा।' इसके अलावा आरोपियों ने कहा कि उन्हें गांव में आने वाले देवताओं ने ये बात बताई है। इसके बाद दोनों फिर से गाली-गलौच करने लगे। फतेह सिंह के मुताबिक, उसने जब आरोपियों को गालियां देने से मना किया तो वे लाठी लेकर मारने पर आमादा हो गए। इस बीच वहां मौजूद लाल सिंह बंजारा व नाथ बंजारा ने बीच बचाव किया। इस मामले में पुलिस ने धारा 352, 504 का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने पूरे मामले को आपसी रंजिश बताकर पल्ला झाड़ लिया।

## पंचायत ने सुनाई ये सजा

इसके बाद फिर समाज के लोगों ने पंचायत बुलाई। 3-4 पंच बैठे और पूरा मामला सुनने के बाद फैसला सुनाया। पंचों ने कहा कि महिला डायन है और जब तक ये परिवार यहां रहता है इनका हुक्का-पानी बंद किया जाए। कोई भी इस परिवार की मदद नहीं करेगा। बता दें, यह गांव पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मंत्री व राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है।

# परिजनों ने लड़की को घसीट-घसीट के मारा

धार। मध्य प्रदेश के धार जिले से दिल दहला देने वाली खबर है। यहां परिजनों ने जिस तरह से अपनी बेटियों की पिटाई की है, वह देखकर रूह कांप जाएगी। पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलवा की 22 जून की बताई जा रही है। धार की उप पुलिस अधीक्षक महिला थाना ने कहा कि महिलाओं के साथ मारपीट में पुलिस ने सभी 7 आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया था लेकिन कल एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें महिलाओं के साथ बर्बरता देखी गई। इसके बाद मामले में आरोपियों की धाराएं बढ़ाकर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि धार के एएसपी देवेंद्र पाटीदार ने



कहा कि जिले के टांडा थाना के अंतर्गत पीपलवा गांव में दो महिलाओं को परिजनों ने मारा पीटा। वे अपने मामा के लड़के से बात करती थीं, इसलिए उनके परिजनों ने उन्हें पीटा। मामला दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, परिजन मामा परिवार के लड़कों से इन लड़कियों की बातचीत को लेकर नाराज थे। उन्हें इस बात से चिढ़ थी कि लड़कियां उनसे मोबाइल पर घंटों बात क्यों करती हैं। उन्होंने दोनों को समझाया भी था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इस बीच 22 जून को ये लड़कियां तालाब से नहाकर मोबाइल पर बात करते हुए लौट रही थीं। इसकी सूचना किसी ने परिवार को दे दी। उसके बाद परिवार ने इनको घेर लिया और पीटना शुरू किया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लड़कियों को किस तरह घसीट-घसीटकर पीटा जा रहा है। वीडियो के वायरल होते ही टांडा पुलिस हरकत में आई और मामला संज्ञान में लिया। इस मामले मे पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे प्रकरण दर्ज किया और सभी को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या के मामले मे आजीवन कारावास

देवास। न्यायालय ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली पत्नी और अपराध में सहयोग करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना 11 जून 2020 की है। रात में पत्नी से विवाद के बाद भगवान सिंह को उसकी पत्नी, प्रेमी व उसके मित्र ने मारपीट कर मारडाला था। उसके बाद पेट्रोल से जला दिया था। पूरे मामले में न्यायाधीश ने 3 आरोपीयों को आजीवन कारावास व 35 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।




भगवान सिंह की पत्नी छायाबाई ने अपने पिता के साथ थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में बताया था कि उसकी शादी भगवान सिंह से पांच वर्ष पूर्व हुई थी। वह अपने पति के साथ तीन माह पूर्व आड़ी पट्टी, मल्हार कॉलोनी देवास रहने आ गई थी। उसके दो बच्चे हैं। उसके पति करीब एक वर्ष से निजी कंपनी देवास में कार्यरत हैं। 11 जुलाई 2020 को उसके पति भगवान सिंह कंपनी नहीं गये। रात करीब 11 बजे उसका व उसके पति के मध्य काम की बात को लेकर विवाद हो गया था, फिर दोनों सो गये थे। फिर सुबह उठकर देखा उसके पति नहीं मिले जिसकी सूचना आसपास व रिश्तेदारी में की, कहीं कोई पता नहीं चला। इस मामले पत्नी ने पति का हुलिया बताकर औद्योगिक थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। कई महीनों तक कुछ पता न चलने पर पुलिस ने पत्नी से ही कड़ाई से पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आ गया। कड़ी पूछताछ में छाया ने बताया कि उसने अपने प्रेमी लाखन व उसके साथी अकील उर्फ अक्कू के साथ मिलकर 11 जुलाई की रात में अपने पति की मारपीट कर ब्लेड, लोहे के फरसे से हत्या कर दी। उसी रात में अपने पति भगवान सिंह की लाश को टाट के बोरे में भरकर अपने प्रेमी लाखन व अकील की मदद से टीव्हीएस की छोटी गाड़ी से बायपास हनुमान मंदिर की तरफ ठिकाने लगाने भेज दिया।

इंदौर। अनलॉक के बाद जैसे ही पब-बार शुरू हुए रईसजादों की पार्टियां शुरू हो गई। शनिवार रात नशे में कार चला रहा युवक डिवाइडर से टकरा गया। कार में लड़कियां बैठी हुई थी। शराब की बोतलें भी रखी थी। पुलिस ने चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पलासिया थाना टीआइ संजयसिंह बैस के मुताबिक घटना रात करीब डेढ़ बजे बंगाली चौराहा के पास की है। पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि एक काले रंग की एक कार डिवाइडर से टकरा गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो काफी भीड़ जमा थी। कार में कुछ लड़कियां भी थी। मौके पर शराब की बोतलें भी फूटी हुई थी। पुलिस के मुताबिक चालक मयूर पुत्र संजीव गर्ग निवासी मैकेनिक नगर के विरुद्ध धारा 185 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। कोरोना संक्रमण के कारण लॉकडाउन में अभी तक पब बंद थे। अनलॉक के बाद पब खोलने की अनुमति मिल गई है। इस कारण पबों में सभ्रांत परिवार के युवक-युवतियां देर रात पार्टियां मनाने लगे। पुलिस को शक है युवक भी पब से पार्टी कर लौट रहे थे।



# युवती से घर में घुसकर किया दुष्कर्म

भोपाल। कोलार में रहने वाली एक 18 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित उसके पड़ोस में रहने वाला एक युवक है। आरोपित ने वारदात के वक्त उसके वीडियो और फोटो ले लिए थे। आरोपित इन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए तीन साल से उसके साथ गलत काम कर रहा था। आरोपित की हरकत का पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित ने युवती की होने वाली ससुराल में उसके फोटो भेजकर उसकी शादी भी तुड़वा दी। आरोपित की हरकतों से तंग आकर युवती ने कोलार थाने में उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज करवा दी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। कोलार पुलिस के अनुसार इलाके के एक गांव में युवती अपने परिवार के साथ रहती है। उसके घर के पास ही 22 साल का आरोपित रिजवान अली रहता है। 27 अगस्त 2018 को युवती घर में अकेली थी, तभी आरोपित उसके घर पहुंच गया। युवती ने जब दरवाजा खोलने से इंकार किया तो आरोपित ने किसी सिरफिरे आशिक तरह हाथ की नस काटकर खुदकुशी की धमकी दी। इस पर युवती ने दरवाजा खोल दिया और युवक ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्?कर्म किया। उसने इसका वीडियो भी बनाया और आपत्तिजनक फोटो भी खींचे। इन्?हें दिखाकर वह उसके साथ लगातार दुष्कर्म कर रहा था। इसी दौरान युवती की गुना में शादी तय हो गई। इसका पता आरोपित को लगा तो उसने युवती के अश्लील फोटो उसकी होने वाली ससुराल के लोगों को इंटरनेट मीडिया पर भेजकर वायरल कर दिए। इससे उसकी शादी टूट गई। आरोपित की हरकतों से तंग आकर उसने थाने में शिकायत कर दी।

# बैंक मैनेजर का दरवाजा तोड़ लाखों का उड़ाया माल

**उज्जैन**। चोरों ने महानंदा नगर स्थित एक बैंक मैनेजर के सूने घर का दरवाजा तोड़कर लाखों रुपये कीमत के सोने के जेवरात व सामान पर हाथ साफ कर दिया। मैनेजर परिवार सहित गमी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल गए थे। वापस लौटने पर घर में सारा सामान बिखरा मिला। नानाखेड़ा पुलिस जांच में जुटी है। वहीं एक अन्य वारदात में चोरों ने नीलगंगा थाना क्षेत्र के लवकुश कालोनी में धर्म विज्ञान शोध संस्थान में भी धावा बोल दिया। चोर समीप के मकान से दूसरी मंजिल पर चढ़ा और पर्दे की रस्सी बनाकर एलइडी टीवी ले गया।



नानाखेड़ा पुलिस ने बताया कि ऋषि पुत्र द्वारका प्रसाद मालवीय निवासी महानंदा नगर एचडीएफसी बैंक में शाखा प्रबंधक है। 30 जून को मालवीय की मौसी का निधन होने के कारण वह गमी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार सहित भोपाल गए थे। शनिवार सुबह वापस लौटे तो घर का नजारा देखकर दंग रह गए। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला काट दिया। हालांकि वह सेंट्रल लाक नहीं तोड़ पाए तो गलियारे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद बदमाशों ने कमरों में रखी अलमारी से सोने के चार कंगन, सोने की बाली, दो सोने की अंगूठी, छह जोड़ चांदी की पायल, आठ जोड़ी बिछुड़ी, 49 इंच एलइडी टीवी, 9 हजार

# धारदार हथियार से हमला, दो घायल

रतलाम। अशोक नगर में कुछ लोगों ने 21 वर्षीय अयान पुत्र जावेद खान व उसके दोस्त 20 वर्षीय अनस पुत्र गुलामनबी दोनों निवासी अशोक नगर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे दोनों घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल अनस ने बताया कि आरोपित अमन व उसके साथियों ने मकान खाली कराने की बात को लेकर तीन दिन पहले उसके भाई शानू व उसकी मां शहनाज पर हमला किया था। इससे वे दोनों घायल हो गए थे। मुझे व मेरी मां को अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार शाम मैं अस्पताल से घर नहाने व कपड़े बदलने गया था। दोस्त अयान को पास में स्थित दुकान पर शेम्पू लेने भेजा था। कुछ लोगों ने उस पर यह कहकर हमला किया कि वह अनस के साथ क्यों रहता है। सूचना मिलने पर वह बीच बचाव करने गया तो उस